हरिभूमि

# रायपुर भूमि



24 जनवरी तक चलेंगी परीक्षाएं, अर्द्धवार्षिक परिणाम के आधार पर निर्देश पहले ही

20 फरवरी से प्रारंभ होंगी मंडल की परीक्षाएं, इसके पहले तक शाला परिसर में ही अतिरिक्त कक्षाएं

## प्री बोर्ड प्रारंभ, नतीजे सुधारने बांटे प्रश्नबैंक साबित हुए फिसड्डी तो देंगे स्पेशल कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में दसवीं-बारहवीं कक्षा की प्री बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो गईं। 24 जनवरी तक से परीक्षाएं चलेंगी। इसके बाद यह तय होगा कि किन विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित होंगी और कहां केवल नियमित समय तक ही कक्षाएं चलेंगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा के बाद स्कूलों को मुख्य



परीक्षा की तैयारियों को लेकर निर्देश दिए गए थे। इनमें ब्लू प्रिंट के आधार पर छात्रों की पढ़ाई करवाना, कम समय में नंबर स्कोर करने के लिए अतिलघु उत्तरीय तथा लघु उत्तरीय प्रश्नों की तैयारी करवाने जैसी चीजें शामिल थीं। इसके अलवा माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्नबैंक भी वितरित किए गए। विषय विशेषज्ञों द्वारा इसे तैयार किया गया है। अर्द्धवार्षिक ▶▶|शेष पेज 13 पर

### डीपीआई को भेजी जाएगी रिपोर्ट

डीपीआई ने सभी जिलों को 20 जनवरी तक प्री बोर्ड आयोजित कर नतीजे प्रेषित करने निर्देश दिए थे। इन्हीं तिथियों में माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रायोगिक परीक्षाएं होने के कारण प्री बोर्ड परीक्षाएं विलंब से आयोजित की जा रही हैं। शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा तिथि में ही उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करें अर्थात परीक्षाएं होते ही आंसरशीट जांची जाएंगी ताकि शीघ्र परिणाम तैयार किए जा सकें। स्कूलों द्वारा परीक्षा परिणाम जिला शिक्षा कार्यालय को भेजे जाने के बाद इसे लोक शिक्षण संचालनालय को प्रेषित किया जाएगा।

### उपचारात्मक कक्षाएं

जहां परिणाम कमजोर आएंगे, वहां के लिए योजना तैयार है। यहां बच्चों के लिए उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करेंगे।

-हिमांशु भारतीय
जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में घायल अज्ञात युवक की मौत

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में रविवार देर रात रोड एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र 30 वर्ष के करीब बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार डॉयल-112 के माध्यम से बाईपास रिंगरोड टाटीबंध के पास अज्ञात युवक घायल पड़ा था, जिसे एम्स अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक सांवला है तथा काले रंग की पैंट पहना है। शिनाख्त करने पुलिस ने आसपास के थानों में मृतक की फोटो भेजी है।

### गांजा तस्कर को 7 साल कैद, 75 हजार जुर्माना

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व सात किलो गांजा के साथ गिरफ्तार मुंबई के तस्कर को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने सात साल कैद के साथ 75 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने सरफुद्दीन शेख को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सरफुद्दीन को इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के पास 24 अगस्त 2024 को गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।

### तीन किलो गांजा के साथ धरा गया युवक



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम तथा साइबर यूनिट की टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से तीन किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा के साथ काशीराम नगर निवासी राहुल ध्रुव बर्वे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राहुल को काशीराम नगर स्थित हनुमान मंदिर के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

### आपसी रंजिश में मारपीट कार का शीशा तोड़ा

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट कर कार का शीशा तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बड़ा अशोक नगर, गुढ़ियारी निवासी शुभम पटले ने आकाश बंगाली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शुभम ने पुलिस को बताया कि कोटा, जगन्नाथ चौक के पास आकाश ने उसकी कार रोक दी। इसके बाद आपसी रंजिश के चलते आकाश ने शुभम की पिटाई की। साथ ही किसी भारी वस्तु से कार का शीशा तोड़ दिया।

### पिछड़ा वर्ग आयोग में विभिन्न शिकायतों की सुनवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को मिली विभिन्न शिकायतों की सुनवाई सोमवार को आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद एवं उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा के नेतृत्व में हुई। सुनवाई में आयोग के सचिव संकल्प साहू एवं अनुसंधान अधिकारी अनिता डेकाटे उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित पक्षों को निष्पक्ष रूप से अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया।

22 जनवरी को दोपहर तक पहुंचेंगी दोनों टीमें शहर के होटलों का किराया 5 से 20 हजार तक बढ़ा

## कोर्टयार्ड में रुकेगी टीम इंडिया, आम लोग भी ठहर सकेंगे लेकिन एक दिन का किराया अभी से 30 हजार से ज्यादा









हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 23 जनवरी को होने वाले टी-20 मैच को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। टीम इंडिया पहले मैच के लिए नागपुर पहुंच चुकी है और 22 जनवरी को रायपुर पहुंचेगी। इस बार टीम इंडिया ने होटल कोर्टयार्ड में रुकने का फैसला लिया है। वही दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम के होटल मायरा में ठहरने की संभावना है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अनुसार टीम इंडिया का होटल तय हो चुका है। यही वजह है कि होटलों ने 22 और 23 जनवरी के लिए अपना किराया बढ़ा दिया है। खास बात यह है कि टीम इंडिया के लिए खाना होटल कोर्टयार्ड के शेफ ही बनाएंगे। बीसीसीआई के डाइट मेन्यू के हिसाब से खाना तैयार होगा। बता दें कि टीम मैनेजमेंट को यह छूट रहती है कि वह अपनी पसंद का शेफ चुन सके। मैच के दिन खाना होटल से मैदान जाएगा। स्टार खिलाड़ियों को करीब से देखने के लिए फैंस होटल में भी ठरहते हैं।

हरिभूमि फॉलोअप



### 22-23 जनवरी को होटलों का किराया 30 हजार तक पहुंचा

जिस होटल में टीमें रुकेंगी, वहां आम लोग भी ठहर तो सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें भारी-भरकम किराया चुकाना होगा। टीम इंडिया होटल कोर्टयार्ड में ठहरेगी। सामान्य दिनों में इस होटल का किराया करीब 13 हजार रुपये होता है, जो मैच के दिनों में 30 हजार रुपये तक पहुंच गया है। मैच की तारीख नजदीक आते ही ये रेट और भी बढ़ सकते हैं।दूसरी ओर, मायरा ने भी अपनी कीमतें बढ़ा दी हैं। यहां 22 से 23 जनवरी के बीच किराया 30 हजार रुपये तक पहुंच गया है। नवा रायपुर के होटलों की कीमतों में भी भारी उछाल देखा जा रहा है। मैच के दिन मेफेयर होटल का किराया भी 13 हजार से बढ़कर 23 हजार रुपये तक पहुंच गया है। अन्य होटलों में भी किराया 5 से 10 हजार तक अंतर देखा जा रहा है।

### नेट प्रैक्टिस में लोकल बॉलर्स को मिलेगा मौका

टीम इंडिया 22 जनवरी को रायपुर पहुंच जाएगी। चूंकि मैच अगले ही दिन है, इसलिए यदि टीम शाम को नेट प्रैक्टिस करती है, तो पिछली बार की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए बॉलिंग करने का मौका मिलेगा। इसमें केवल छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से जुड़े खिलाड़ियों को ही शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले वनडे मैच के दौरान भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को नेट प्रैक्टिस में बॉलिंग की थी। उस समय इन दिग्गज खिलाड़ियों ने स्थानीय गेंदबाजों का मनोबल भी बढ़ाया था।

## भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मैच की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा



नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 23 जनवरी को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी-20 मैच की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। इन तैयारियों के बीच कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने आग, सुरक्षा एवं अन्य आपदा की स्थितियों से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह महत्वपूर्ण आयोजन है। मैदान में भारत और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के साथ हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ रहेगी, इसलिए किसी भी प्रकार की आवश्यक सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैच हमारे क्रिकेट स्टेडियम में हो रहा हैं, इसलिए प्रशासन की ओर से एसओपी का अवश्य पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा जैसे स्थिति निर्मित होती है तो उस समय क्या किया जाए इसकी कार्ययोजना बनाए। इसके लिए उन्होंने कहा कि आयोजकों की ओर से लोगों को बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार करें एवं विशेष रूप से सोशल मीडिया में रील आदि के माध्यम से इसका प्रचार करें।

- कलेक्टर ने की छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के साथ बैठक

कलेक्टर ने कहा कि आग से बचाव के लिए आवश्यक उपकरण का अनिवार्य ▶▶|शेष पेज 13 पर

## इंदौर का व्यापारी बनकर छत्तीसगढ़ का शख्स मंगाता था नकली दवा भुगतान करने वाले की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर का व्यापारी बनकर छत्तीसगढ़ का शख्स नकली दवाओं की बुकिंग कराता था। इंदौर के ट्रांसपोर्ट से मिले बिल का भुगतान करने वाले इस शख्स की तलाश की जा रही है। अब तक की जांच के बाद माना जा रहा है कि प्रदेश में नकली दवा खपाने का मास्टरमाइंड यही हो सकता है। उसके द्वारा ग्रामीण इलाकों के कारोबारियों से संपर्क कर उन्हें सस्ते में दवा उपलब्ध कराई जाती थी। गोगांव के गोल्डन नागपुर ट्रांसपोर्ट में मिली दवा के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जांच में मिली कड़ियों को जोड़कर इस कारोबार को अंजाम देने वाले तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जानकारों का कहना है कि इस मामले में फील्ड वर्क लगभग पूरा हो चुका है और मिले साक्ष्य के आधार पर मुख्य आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट से मिले दस्तावेज की जांच के दौरान पता चला है कि छत्तीसगढ़ का एक शख्स खुद को इंदौर का व्यापारी बताकर यहां के ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों के लिए दवा की बुकिंग करता था। ट्रांसपोर्ट से मिले कागजों में दर्ज पते के आधार पर जांच टीम जब दवा भेजने वाले व्यापारी के ठिकाने पर पहुंची, तो वह फर्जी निकला था। दवाओं की ट्रांसपोर्टिंग के लिए किए जाने वाले भुगतान और मिले मोबाइल नंबर के आधार पर एफडीए की टीम नकली दवा के कारोबारी के खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है।

- ग्रामीण इलाकों की दुकानों में दवा खपाने वाले शख्स के खिलाफ जुटाए जा रहे सबूत



### सारंगढ़ की दुकान के नाम पर बुकिंग

इंदौर से संबंधित ट्रांसपोर्ट में एंटीबायोटिक की नकली दवा सारंगढ़ के दवा दुकान के नाम पर बुक की गई थी। गोगांव के ट्रांसपोर्ट में आने के बाद इसके रिसीव करने काफी दिनों तक कोई शख्स नहीं आया था। संभवतः दवा की खेप उठाने वाले को इस बात का संदेह हो गया था कि एफडीए की नजर इन दवाओं पर है। लंबे इंतजार के बाद दवा बरामद की गई और ट्रांसपोर्ट में मिले बिल में जिस दवा का जिक्र पैकेट में था वो नहीं था।

### तीन जिले की टीम शामिल

नकली दवा के मामले में रायपुर समेत तीन जिलों की खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम शामिल है। रायपुर के गोगांव इलाके के ट्रांसपोर्ट में दवा मिली थी। सारंगढ़ की दुकान में लिंक के आधार पर जांच के बाद दवा के अवैध संग्रहण का मामला बनाया गया था। वहीं भाटापारा के एक दुकान में जांच के बाद दवाओं के सैंपल उठाकर उसे भी जांच दायरे में लाया गया था।

### एफआईआर कराने के संकेत भी

एंटीबायोटिक दवा के इस गंभीर मामले में जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करने एफआईआर भी कराई जा सकती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने इसके पहले भी कुछ एक मामलों में पुलिस के पास एफआईआर दर्ज करवाकर दवा कारोबारियों की गिरफ्तारी कराई थी। नकली दवा के इस मामले में लगभग सात माह पहले राजधानी में पकड़े गए नकली दवा के प्रकरण से लिंक होने की आशंका है।

## कैबिनेट कल, पुलिस कमिश्नरी के प्रस्ताव पर लगेगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य कैबिनेट की बैठक 21 जनवरी को बुलाई गई है। बैठक में गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल द्वारा जनता को संबोधित किए जाने वाले भाषण के प्रारूप को मंजूरी दी जाएगी। साथ ही रायपुर पुलिस कमिश्नरी प्रणाली के अधिकारों और क्षेत्र समन्वय को अंतिम रूप दिए जाने के बाद प्रस्ताव पर मुहर लगेगी। उसके बाद इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होगी। बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के साथ ही राज्यपाल द्वारा गणतंत्र दिवस पर जनता के नाम संबोधन के प्रारूप को मंजूरी दी जाएगी। वहीं प्रदेश में चल रही धान खरीदी की समीक्षा की जाएगी। धान के उठाव और स्टॉक मिलान के मामलों में गड़बड़ी के मामलों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही अन्य विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।



दुर्ग-नांदगांव 32 डिग्री के पार हुआ

## रात की तुलना में दोगुना हुआ दिन का तापमान, होने लगा गर्मी का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिन का पारा चढ़कर रात की तुलना में दोगुना हो गया है, जिससे गर्मी का अहसास होने लगा है। पिछले चौबीस घंटे में शहर का न्यूनतम तापमान 14.2 था जो दिन में चढ़कर 31.2 तक पहुंच गया। वहीं दुर्ग तथा राजनांदगांव का पारा 32 डिग्री के पार चला गया। तापमान बढ़ने की वजह से दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है और पंखा चलाने की आवश्यकता पड़ रही है। दिन बीतने के साथ गर्मी का अनुभव भी बढ़ता जाएगा।

ठंड का मौसम धीमे-धीमे ढलान पर जा रहा है। अभी रात और सुबह के वक्त ठंड का खासा प्रभाव है, मगर दिन चढ़ने के बाद इसके असर में कमी आने लगी है। पिछले दो-तीन दिनों से धूप तेज होने से गर्माहट का अहसास होने लगा है। सुबह के सात-आठ बजे तक ठंड का अनुभव हो रहा और वक्त गुजरने के साथ धूप की तपिश महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञों का तर्क है कि पहले मैदानी ▶▶|शेष पेज 13 पर



तीसरी लाइन परियोजना से संबन्धित कार्य के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा

## यात्रियों की बढ़ी मुसीबत : नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 14 ट्रेनें कैंसिल, 24 से 31 जनवरी तक रहेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अधोसंरचना विकास के तहत कई परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन परियोजना से जुड़े कार्य के लिए तुमसर रोड यार्ड में 24 से 31 जनवरी तक नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण कुल 14 ट्रेनें रद्द रहेंगी। इनमें से 6 ट्रेनें 24 से 31 जनवरी तक, जबकि 8 ट्रेनें 28 से 31 जनवरी के बीच नहीं चलेंगी। रद्द होने वाली गाड़ियों में अधिकतर पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं, जो रायपुर से नागपुर के बीच चलती हैं। इस कारण दैनिक यात्रियों को इस दौरान यात्रा में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



### यह ट्रेन रहेगी रद्द

- 24 से 31जनवरी तक तुमसर रोड से छूटने वाली 58817 तुमसर रोड-तैसेंजर नहीं चलेगी ।
- 24 से 31जनवरी तक तिरोडी से छूटने वाली 58816 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर नहीं चलेगी
- 24 से 31जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) जंक्शन से छूटने वाली 58815 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-तिरोडी पैसेंजर नहीं चलेगी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां

- 24 से 31 जनवरी तक तुमसर रोड के स्थान पर यह गाड़ी गोबरवाही से तिरोडी के लिए रवाना होगी 78811 तुमसर रोड-तिरोडी डेमू गोबरवाही तक चलेगी अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड नहीं चलेगी ।
- 24 से 31 जनवरी तक तिरोडी से छूटने वाली 78812 तिरोडी-तुमसर रोड डेमू गोबरवाही तक चलेगी अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड नहीं चलेगी।

▶▶|शेष पेज 13 पर

### बीच में नियंत्रित होने वाली गाडियां

- 29 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली गाड़ी 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) – कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एवं तुमसार रोड के बीच 30 मिनट नियंत्रित होगी ।
- 31 जनवरी को अहमदाबाद से चलने वाली गाड़ी 12833 अहमदाबाद- हावड़ा एक्सप्रेस को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एवं गोंडिया के बीच 40 मिनट नियंत्रित होगी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर, श्रमायुक्त और केंद्रीय श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। छत्तीसगढ़ सीमेंट एवं खदान कल्याणकारी श्रमिक संघ ग्राम बहेसर तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर के संरक्षक शंकर सिंह निर्मलकर ने बैकुंठ सीमेंट वर्क्स अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में कार्यरत ठेका श्रमिकों को पिछले तीन महीने से निलंबित कर विभागीय जांच कराए जाने पर सवाल उठाते हुए इसे श्रम कानून का उल्लंघन करार दिया है। इसी दौरान संघ के श्री निर्मलकर ने सोमवार को कलेक्टर, श्रमायुक्त राज्य और केंद्रीय श्रमायुक्त को पत्र सौंप कर मांग की है कि ठेका प्रबंधक द्वारा एवं जांच अधिकारी द्वारा श्रमिकों द्वारा मांगे गए दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, यह विधि विरुद्ध है। इसलिए ठेकेदारों प्रबंधक द्वारा कराई जा रही घरेलू जांच पर रोक लगाकर पिछले तीन महीने से निलंबित किए गए श्रमिक प्रतिनिधियों एवं श्रमिकों को नौकरी पर वापस बहाल किया जाए। श्री निर्मलकर ने बताया कि घरेलू जांच में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता नहीं है एवं यह छत्तीसगढ़ औद्योगिक नियोजन स्थाई आदेश अधिनियम 1961 एवं छत्तीसगढ़ नियम 1963 के अंतर्गत जिन ठेका श्रमिकों के विरुद्ध घरेलू जांच कराई जा रही है, उन्हें आज दिनांक तक नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है।

### भूपेश और विकास असम रवाना, जोनल पार्टी कन्वेंशन में लेंगे भाग

रायपुर। पूर्व सीएम एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के साथ विकास उपाध्याय भी असम के लिए रवाना हुए। वे जोनल पार्टी कन्वेंशन में लेंगे भाग। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किए



जा रहे जोनल पार्टी कन्वेंशनों के तहत कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विकास उपाध्याय ने कहा, जोनल पार्टी कन्वेंशन एआईसीसी के महासचिव एवं असम प्रभारी जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल, एआईसीसी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक एवं कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डॉ. डीके शिवकुमार तथा वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे हैं।

### डीईओ आफिस में आगजनी की हो न्यायिक जांच

रायपुर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई आगजनी की न्यायिक जांच की जानी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा,



सरकार विभागीय जांच करवा कर मामले की लीपापोती करना चाह रही है। आगजनी में बताया जा रहा, अनेकों महत्वपूर्ण फाइलें जली हैं। मिड-डे मील, प्राइवेट स्कूलों को अनुदान, मदरसों को अनुदान, विभागीय पदोन्नति एवं अनेक निर्माण कार्यो जैसे विषयों की फाइलें जली हैं। उन्होंने कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सरकार में बैठे हुये लोगों ने अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिये इस आगजनी को करवाया हो।

एसआईआर के बाद स्थानीय निकायों के उप चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार की जायेगी

# नगर पालिका एवं पंचायतों के उप चुनाव की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन संबंधी तैयारियों, प्रशासनिक समन्वय एवं समयबद्ध कार्यवाही पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बताया गया है कि वर्तमान में नगरीय निकाय उप निर्वाचन के अंतर्गत नगरपालिका अध्यक्ष के 2 पद तथा पार्षदों के 15 पद रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में नवगठित चार नगर पंचायतों, नगर पंचायत घुमका, नगर पंचायत बम्हनीडीह, नगर पंचायत शिवनंदनपुर एवं नगर पंचायत पलारी में अध्यक्ष के पद तथा पार्षदों के 60 पद रिक्त हैं, जिनकी पूर्ति हेतु चुनाव आवश्यक है।

### तमनार और बड़े करेली नगर पंचायत का परिसीमन

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह द्वारा नवगठित दो नगर पंचायतों, नगर पंचायत तमनार एवं नगर पंचायत बड़ी करेली में वार्ड परिसीमन एवं आरक्षण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर आयोग को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।



### मतदाता सूची का पुनरीक्षण

राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा यह भी निर्देश दिए गये की छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण होने के तत्काल पश्चात अद्यतन मतदाता सूची प्राप्त की जाये और प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय निकायों के उप निर्वाचन हेतु मतदाता सूची तैयार की जाये ताकि आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में लंबित उप चुनाव की कार्यवाही संपन्न की जा सके।

### पंचायतों में 1043 पद रिक्त

इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के 5 पद, सरपंच के 73 पद तथा पंच के 965 पद रिक्त हैं। इस प्रकार पंचायत स्तर पर कुल 1043 पदों पर उन चुनाव कराया जाना शेष है।

दावा-आपत्ति के लिए दो दिन शेष, मतदाताओं को लगाना पड़ रहा चक्कर

# एसआईआर: डेढ़ लाख मतदाताओं के नाम जोड़ने का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। ऐसे मतदाता, जिनका एसआईआर की गणना चरण के दौरान प्राप्त गणना पत्र में वर्ष 2003 की एसआईआर मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है अथवा अंतर पाया गया है, ऐसे राज्य में नोमैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 6 लाख 40 हजार 145 है, जिन्हें नोटिस जारी किए जाने के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य निर्धारित 13 दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नियमानुसार सुनवाई तथा प्रस्तुत दस्तावेज का परीक्षण कर ईआरओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने या न जोड़ने का निर्णय लिया जाएगा। एसआईआर में दावा आपत्ति के लिए अब दो दिन का समय शेष है।




ऐसे मतदाता, जिन्होंने अपना गणना पत्र नहीं भरा था, या किसी अन्य कारणों से उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं आ पाया हो, वे अपना नाम जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए घोषणापत्र सहित फार्म 6 में अपना आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। साथ ही मतदाता सूची में दर्ज अपने विवरण में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए घोषणापत्र सहित फार्म 8 में आवेदन कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किसी नाम के संबंध में आपत्ति प्रस्तुत करने या नाम विलोपन हेतु घोषणापत्र सहित फार्म 7 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। राज्यभर में अब तक नाम जोड़ने हेतु 1 लाख 42 हजार 866 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि नाम विलोपन के लिए 4243 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं 42 हजार 202 ऐसे लोगों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने सुधार करने के लिए आवेदन किया है।

### 14 फरवरी तक सुनवाई

सभी प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ/एईआरओ द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 14 फरवरी तक सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पात्र पाए गए दावों एवं आपत्तियों का विधिवत निर्णयन करते हुए 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### कांग्रेस का आरोप- अधिकतर मतदाताओं को नहीं मिला नोटिस

एसआईआर प्रक्रिया में दावा आपत्ति को लेकर हो रही असुविधा को दूर करने और तिथि बढ़ाने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, पूर्व निर्धारित शेड्यूल के तहत 22 जनवरी तक ही दावा आपत्ति लिए जाने हैं। छत्तीसगढ़ में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 27 लाख मतदाताओं के नाम काटने के बाद स्थित है कि अब तक केवल 1 लाख 82 हजार दावा आपत्ति के आवेदन ही जमा हुए हैं। जिन 19 लाख 13 हजार मतदाता तक बीएलओ पहुंच नहीं पाए उन्हें शिफ्टेड बता दिया गया। दस्तावेज जमा करने के बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया में अब नाम जुड़वाने से लेकर मतदाता सूची में अपना नाम यथावत बचाए रखने के लिए मतदाता परेशान हो रहे हैं। अधिकांश मतदाताओं तक नोटिस पहुंचा ही नहीं है तो फिर समय पर जवाब देना उनके लिए संभव कैसे होगा?

### कांग्रेसी आज जाएंगे निर्वाचन

कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को एसआईआर के मामले में निर्वाचन कार्यालय जाएगा। वहां मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर अपनी मांग रखेंगे।

### भाजपा ने की समय बढ़ाने की मांग

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने सोमवार को यहाँ राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर एसआईआर प्रक्रिया में नाम जुड़वाने फॉर्म 6, दावा-आपत्ति एवं फॉर्म-7 प्रस्तुत करने में अवरोध एवं अनियमितता की शिकायत की है। उन्होंने दावा-आपत्ति हेतु फार्म प्रस्तुत किए जाने की समय सीमा 31 जनवरी तक बढ़ाने की मांग की है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का पहले नाम तय, फिर निर्वाचन की प्रक्रिया, चुनाव है या पाखंड!

अडाणी के मुनाफे का ईनाम नितिन नबीन को मिला : बैज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ये चुनाव नहीं केवल खानापूर्ति है, पहले नाम तय कर लिये गए, उसके बाद नामांकन से लेकर निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता का चयन किया गया।

भाजपा की नींव रखने वाले लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी ही भाजपा के नए अध्यक्ष के लिए तय मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। भाजपा में पहली बार ऐसा हुआ है कि आडवाणी और जोशी मतदाता सूची में ही शामिल नहीं हैं। ये मोदी शाह के अधिनायकवाद का दौर है, जहां दिग्गजों की भूमिका लगातार सीमित की जा रही है। केवल अंधभक्त गुलामों की मूक सहमति को ही संगठन का निर्णय मानने की परंपरा मोदी शाह के दौर में है, किसी के सलाह, सुझाव के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ के खनिज संसाधन अड़ानी के मुनाफे के लिए समर्पित करने में मदद का पुरस्कार मिला है। हसदेव, तमनार, धमजयगढ़ रायगढ़, मैनपाट बैलाडीला, बचेली, किरंदुल, कांकेर, बस्तर में जल जंगल जमीन की लूट और कॉर्पोरेट परस्ती के इनाम के तौर पर छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रभारी नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से नवाजा जा रहा है। उन्होंने कहा, बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव किसी भी संगठन के अलोकतांत्रिक प्रक्रिया की पराकाष्ठा है, जहां पहले ही अध्यक्ष के नाम तय कर लिए उसके बाद उसी के अनुरूप प्रक्रिया पूरी करने का दिखावा किया गया है। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में भाजपा के नेता, कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल हाथ उठाने तक ही सीमित रह गया है, मोदी-शाह ने मतदाता भी अपने अनुकूल ही चुन लिए।

# राज्यपाल ने मुख्य सूचना और राज्य आयुक्त को दिलाई शपथ

अमिताभ जैन, उमेश अग्रवाल और शिरीषचंद्र मिश्रा ने ली शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के नवनियुक्त अधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई। यह शपथ ग्रहण समारोह रायपुर स्थित लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम् में आयोजित किया गया। राज्यपाल ने अमिताभ जैन को मुख्य सूचना आयुक्त, उमेश कुमार अग्रवाल और शिरीष चंद्र मिश्रा को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। शपथ प्रक्रिया मुख्य सचिव विकास शील ने पूर्ण कराई।

समारोह में इस अवसर पर कई मंत्री, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक पुरंदर मिश्रा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, मुख्यमंत्री के सचिव सुबोध सिंह शामिल रहे। इसके अलावा राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सूचना आयोग के वर्तमान एवं पूर्व आयुक्त, मानव अधिकार आयोग के प्रतिनिधि भी समारोह में मौजूद थे।

# विकास बोले- बड़े बकाएदारों पर सरकार मेहरबान, हजार रुपए का बकाया होने पर कट रही बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व संसदीय सचिव एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ कांग्रेस जनहित याचिका के माध्यम से विद्युत विनियामक आयोग जाएगी। साय सरकार ने प्रदेश में बिजली बिल हॉफ योजना बंद करके जनता को ठगा है। स्मार्ट मीटर को जनता पर थोपकर जनता से वसूली करने का काम हो रहा है। मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों पर लाखों का बकाया होने पर भी इनके कनेक्शन नहीं काटे जा रहे हैं, लेकिन एक हजार का बकाया होने पर छोटे उपभोक्ताओं की सीधे कंट्रोल रूम से बिजली काटकर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है।

श्री उपाध्याय ने कहा, आमतौर पर बिजली कट करने के लिए पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के घरों तक जाना पड़ता है। लेकिन अब प्रदेश की जनता को बिजली दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं क्योंकि साय सरकार ने 1000 रुपए का बिजली बिल बकाया होने पर सीधे कंट्रोलरूम से ही लाइन काटने के निर्देश दे दिए हैं। ऐसे तुगलकी फरमान से आने वाले दिनों में आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। श्री उपाध्याय ने कहा, बड़े बकायादार एवं उद्योगपतियों को सरकार ने अपने संरक्षण में रखा है और आम जनता को बिजली का झटका दे रही है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर छत्तीसगढ़ में घर-घर जबरदस्ती मीटर बदलकर जो जनता के साथ छल किया है उसका परिणाम जनता ही तय करेगी। श्री उपाध्याय ने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार जनता के साथ खड़ी है और जनहित के लिए इस प्रकार के अत्याचारी फैसलों का हमेशा विरोध करेंगे।

# एनएसयूआई ने मांगा चूहे के लिए इंसाफ, कहा- आरोप बेबुनियाद

धान खरीदी घोटाले को लेकर एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

धान घोटाले के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सोमवार को प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा, वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय घोटाले का ठीकरा चूहों पर फोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। चूहे पूरी तरह से बेकसूर हैं, अतः उनके लिए इंसाफ मांगने और दोषियों पर कार्रवाई करने यह प्रदर्शन किया जा रहा है। एनएसयूआई कार्यकर्ता इस दौरान चूहे का मुखौटा पहनकर विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस की छात्र इकाई ने कहा, धान घोटाला प्रदेश के किसानों और आम जनता के साथ खुला विश्वासघात है। सरकार यदि ईमानदार है तो दोषियों को बचाने के लिए नए-नए बहाने गढ़ने के बजाय सच्चाई सामने लाए। चूहों को आरोपी ठहराना सरकार की नाकामी और जिम्मेदारी से बचने का प्रमाण है। छात्रों ने जांच पूरी होने और दोषियों पर कार्रवाई होने तक प्रदर्शन की बात कही। रैली के रूप में आंबेडकर चौक तक पहुंचे प्रदर्शनकारी छात्रों ने घंटेभर तक नारेबाजी की।




### उच्चस्तरीय जांच की मांग

एनएसयूआई ने कहा, यह जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास है। सरकार धान घोटाले जैसे गंभीर आर्थिक अपराध पर चूहे-बिल्ली का खेल खेलने के बजाय निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच कराए। इस घोटाले में संलिप्त संबंधित अधिकारियों और खाद्य मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेने की भी मांग की गई। रायपुर जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव अतिक मेमन, संस्कार पांडेय, आशीष बाजपाई, मो ज़िशन, नितिन सागर, अनिकेत महतो एवं अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे। गौरतलब है कि प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में धान खरीदी-बिक्री में करोड़ों रुपए का घोटाला सामने आया है। संबंधित व्यक्तियों द्वारा कम मात्रा में धान मिलने पर चूहे द्वारा इसे खाए जाने की बात कही गई है।

### कायाकल्प योजना में जिला हास्पटिल सूरजपुर पहला

रायपुर। कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2024-25 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय सूरजपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला चिकित्सालय ने 94.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के निर्देशन में जिले में निरंतर सुदृढ़ की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का परिणाम है। कायाकल्प योजना के परिणामों में जिले के 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भैयाथान, प्रतापपुर, बिश्रामपुर एवं लटोरी सहित 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 99 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने भी 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया है। यह जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ती- शीलू देवी, उम्र 50वर्ष लगभग, पिता स्व. श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, निवासी आदिवासी छात्रावास के पास देवनगरी रायपुरा, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सही व सत्य है।
02. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शीलू देवी राजपूत दर्ज है।
03. यह कि उक्त आधार कार्ड में हुए त्रुटी को समस्त शासकीय/अशासकीय/अर्द्धशासकीय विभागो निकायो में अपना नाम परिवर्तन करवाकर अपना नीक नेम शीलू देवी अंकित एवं दर्ज कराना चाहती हूं। अतः समस्त विभागों, निकायों, दस्तावेजों आदि में मेरा नाम शीलू देवी पिता स्व. श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी अंकित एवं दर्ज किया जावे जाना एवं पहचाना जाये तथा यही नाम से पुकारा जावे। तथा पत्र व्यवहार इसी नाम एवं पते की जावे।
04. यह कि मैं वर्तमान में अपना नाम शीलू देवी राजपूत के स्थान पर शीलू देवी अंकित एवं दर्ज किये जाने के समर्थन में तथा नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में यह शपथ पत्र संबंधित विभाग में श्रीमान् सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

अतः समस्त दस्तावेजों, अभिलेखों, शासकीय/अशासकीय/ अर्द्धशासकीय निकायों, विभागो निकायो मे मेरा नाम शीलू देवी पिता स्व. श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी अंकित एवं दर्ज की जावे लिखा एवं पढ़ा जावे इसी नाम से जाना, पहचाना, पुकारा जावे।

दिनांक 07/01/2026

शपथकर्ती
शीलू देवी

**मार्कशीट गुमा**

आशा रानी साहा, पिता अतुल चंद्र साहा, निवासी जगदलपुर जिला बस्तर , पिले रंग के फोल्डर मे ओरिजिनल मार्कशीट कक्षा 10वी, 12वी, ANM 1St year, 2nd year, diploma certificate, nursing registration certificate, GNM 1st, 2nd, 3rd year marksheet, dilpoma certificate, nursing registration certificate, निवास प्रमाण पत्र, जीवित रोज़गार पंजीयन पत्र, रायपुर मे कुम्हारी, मदर टेरेसा कॉलेज से संतोषी नगर रायपुर के मध्य खो गया है. कृपया जिस किसी सज्जन को प्राप्त हो सुचना देवें.

मो.नं.- 9131432002/ 9131637990

**लापता**



रेखा पाल

रेखा पाल, उम्र- 46 वर्ष, पता- शंकर नगर रायपुर, ऑरेंज कलर का साड़ी और हरा कलर का साल पहनी है, 4 दिन से लापता है किसी को पता चले तो संपर्क करे।

जीतेन्द्र पाल
मो.नं.- 8970816032

### राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला स्पर्धा 20-21 को

रायपुर। संचालनालय आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर में राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 20 से 21 फरवरी तक शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय परिसर में होगी। इस प्रतियोगिता में चित्रकला में रुचि रखने वाले जनजातीय समुदाय के इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को 31 जनवरी तक गूगल शीट के माध्यम से पंजीयन कराना होगा।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मानवता और संस्कृति का आधार है गौ सेवा

**अभनपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तोरला में छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के तत्वावधान में गौ विज्ञान परीक्षा संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्रमुख तिलक राम देवांगन ने गौ सेवा एवं गौ विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौ रक्षा का तात्पर्य केवल पशुओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता, भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से गौ सेवा दल के गठन का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गौवंश सड़कों पर बेसहारा न रहे तथा घायल गौवंश की समुचित सेवा की जाए। उद्बोधन के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों द्वारा श्री सुराभ्यै नमः मंत्र का 108 बार जाप किया गया।

### सिवनी के पूर्व सरपंच के खिलाफ शिकायतों की जांच आज होगी

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम धीवर के विरुद्ध की गई शिकायतों के संबंध में गठित जांच दल द्वारा 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत भवन सिवनी में जांच की कार्यवाही की जाएगी। जांच के दौरान पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम धीवर को उपस्थित रहने की सूचना विधिवत रूप से दी गई है।

## निधन

### राजबती साहू



**आरंग।** केवशी साहू पारा आरंग निवासी 75 वर्षीय राजबती साहू का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे किसन व राजेश साहू कि माता थी।

## कथा : कृष्ण जन्म प्रसंग पर पर मंदिर हसौद भक्ति रंग में डूबे

# धर्म स्थापाना व दुष्टों के संहार के लिए भगवान लेते हैं अवतार : राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद



रायपुर राजधानी से लगे नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में 16 जनवरी से श्रीमद भागवत कथा जारी है। शुभारंभ गणेश पूजा कलश यात्रा के साथ किया गया। जहां श्रीमद्भागवत कथा का वाचन श्री राजीव नयन महराज श्रीधाम वृन्दावन वाले के मुखारविंद से कथा रस पान करने को क्षेत्र वासियों को मिल रहा है।

श्रीमद् भागवत कथा की आयोजन के व्यवस्था में रामसिंग निर्मलकर एवं उनके कुटुम्ब परिवार और नगर वासियो का विशेष योगदान है। श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस व्यास पीठ में बैठ श्रद्धये श्री राजीव नयन महराज राम अवतार, वामन अवतार, और कृष्ण अवतार (जन्मोत्सव) भगवान विष्णु के महत्वपूर्ण अवतारी लीलाओं का वर्णन है, जहाँ राम का अवतार अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ (रावण वध हेतु), वामन अवतार बलि राजा से तीन पग भूमि माँगने और देवताओं को बचाने के लिए हुआ, और कृष्ण अवतार धर्म की पुनर्स्थापना के लिए हुआ, जिसमें उनके जन्म (जन्मोत्सव) का विशेष उत्सव मनाया जाता है , वामन अवतार देवताओं के राजा बलि जिसमें घमंड अहंकार वास कर गया और अपने आप को सबसे बड़ा समझने मानने लगा । जिनके द्वारा अन्य राजाओं और देवताओं पर अत्याचार करने लगा के आतंक से देवताओं की रक्षा के लिए, और बलि से तीन पग भूमि माँगा गया। जहां बालक रूप में पहुंचे भगवान ने वामन अवतार में तीनों लोक को माप दिया। अन्य कथा में भगवान

कृष्ण अवतार और जन्मोत्सव के बारे में महाराज राजीव नयन ने बताया की धरती पर अधर्म बढ़ने और आम जनता को परेशान करने लगे जहां लोगों के संकट को देखते हुए भगवान कृष्ण ने जन्म लिया, ताकि धर्म की स्थापना हो सके।

### श्रीमद् भागवत में है भक्ति, वैराग्य और ज्ञान का संगम है : श्रीरामानन्द



**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत ग्राम पंचायत धमनी में सोमवार से प्रारम्भ श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे ग्राम को भक्तिमय वातावरण में सराबोर करदिया,भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच निकली। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शोभायात्रा की अगुवाई कथा वाचक संत श्रीरामानन्द शरण महाराज (सिरकट्टी आश्रम, कुटेना) ने की। संत शरण के सान्निध्य में निकली शोभायात्रा गाव के प्रमुख गलियों से होती हुई कथा स्थल तक पहुंची। गलियों में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर चलना आस्था और परंपरा का अनुपम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। शोभायात्रा के पश्चात विधिवत पूजन-अर्चन के साथ श्रीमद्भागवत कथा का प्रथम दिवस प्रारंभ हुआ। पहले दिन की कथा में कथा वाचक संत श्रीरामानन्द शरण जी ने भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए भक्ति, सदाचार और मानव कल्याण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा न केवल आत्मशुद्धि का माध्यम है, बल्कि समाज को धर्म और मर्यादा के मार्ग पर अग्रसर करने वाली प्रेरणा भी है। कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति उत्साहजनक रही।

## हिंदू समाज के संगठित होने से धर्म और संस्कृति की रक्षा स्वमेव होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी



आरंग विधानसभा क्षेत्र केअतर्गत आने वाले ग्राम कोरासी में एक भव्य विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह केंद्र के सात प्रमुख कार्यक्रमों में से दूसरा महत्वपूर्ण आयोजन था, जिसमें आसपास के 9 गांवों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक, युवा और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक सुवा नृत्य (सुआ नाचा) से हुई, जिसने सभी को सांस्कृतिक माहौल में डुबो दिया। सुवा नृत्य की झलकियां, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को दर्शाती हैः

इसके बाद भारत माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि श्री राकेश पटेल (सरपंच, ग्राम कोरासी), मातृशक्ति वक्ता श्रीमती टाकेश्वरी मुरली साहू (अध्यक्ष, जनपद पंचायत आरंग) और मुख्य वक्ता श्री संतोष शंख (बौद्धिक प्रमुख, रायपुर ग्रामीण जिला) ने दीप प्रज्वलित किए। कार्यक्रम में पंच परिवर्तन (पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी) पर विशेष प्रकाश डाला गया। श्रीमती राजेश्वरी मुरली साहू ने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्ति, वृक्षारोपण और पानी बचाने जैसे विषयों पर जोर दिया। यहां एक ग्रामीण हिंदू सम्मेलन में मातृशक्ति और समुदाय की भागीदारी की जीवंत तस्वीर है। मुख्य अतिथि श्री राकेश पटेल ने हिंदुत्व की भावना पर जोर देते हुए कहा कि हमें संगठित होकर अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करनी होगी।

मुख्य वक्ता श्री संतोष शंख ने भारत के गौरवशाली इतिहास को याद दिलाया – सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण, नालंदा-तक्षशिला विश्वविद्यालयों का विनाश, मुगलों के अत्याचार, साथ ही झांसी की रानी, पद्मावती जैसी वीरांगनाओं के बलिदान का जिक्र किया। उन्होंने 1925 से संघ के प्रयासों की सराहना की, जो गांव-गांव हिंदू जागरण का कार्य कर रहे हैं।

सामाजिक समरसता पर बल देते हुए परम पूज्य गुरु घासीदास के वचन मनखे - मनखे एक समान को याद किया गया और सतनामी समाज को सत्य के नाम का आचरण करने वाला तथा क्षत्रिय वंशज बताया। बच्चों को मोबाइल के सीमित उपयोग की सलाह दी गई।

## भक्तिमय हुआ ग्राम निनवा, निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी



समीपस्थ ग्राम निनवा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ सोमवार को मंगल कलश

- आज से शुरू होगी भागवत कथा की अमृत वर्षा

यात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिन आयोजित इस शोभायात्रा में पूरा गांव भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने संभाला मोर्चा कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव की परिक्रमा की। पारंपरिक गाजे-बाजे और भजनों की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। आचार्य नंदकुमार शर्मा करेंगे कथा वाचन इस ज्ञान यज्ञ के मुख्य कथा वाचक आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा (निनवा वाले) हैं। उनके मुखारविंद से आगामी दिनों में श्रीमद् भागवत के विभिन्न प्रसंगों, कृष्ण जन्म, और भक्ति योग पर प्रवचन दिए जाएंगे। कथा के प्रथम दिन उन्होंने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए इसे मोक्षदायिनी कथा बताया। आयोजन समिति और ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## बिगड़ती कानून व व्यवस्था पर कांग्रेस ने थाने का घेराव कर की नारे बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा नेवरा क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था हत्या, अपहरण, सूखा नशा,सट्टा के विरोध में जिला कांग्रेस कमेंटी के आव्हान पर कांग्रेस ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन कर तिल्दा थाना का घेराव किया। रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी,पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा पूर्व विधायक जनक राम वर्मा की विशेष उपस्थिति में आयोजित धरना प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन के विरोध जमकर नारेबाजी करते हुए ठाणे का घेराव किया ,बाद में थाना परिसर में डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी एव तहसील दार को ज्ञापन सौपा गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले सभी कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता गुरु घासीदास चौक स्थित कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए.. यहां जिला कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि तिल्दा नेवरा शहर में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है सट्टा खुलेआम लिखा जा रहा है .गली गली में शराब बिक रही है. सुखानशा कर युवा हत्या कर रहे हैं ,बावजूद पुलिस प्रशासन मौन है लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी, और इसका खुलकर विरोध करेगी. शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि तिल्दा नेवरा शहर हमेशा शांत रहा है.., लेकिन शहर में अब अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, सट्टा जुआ शराब को शायद पुलिस अपराध नहीं मानती है. उन्होंने कहा कि बढ़ते अपराधों का हम पुरजोर विरोध करेंगे आज हम प्रदर्शन और थाने का घेराव कर रहे हैं इसके बाद भी अगर सट्टा जुआ बंद नहीं हुआ और अपराध नहीं घटा तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

पेज 11 के शेष...

### प्री बोर्ड प्रारंभ, नतीजे ...

परीक्षाओं के बाद प्री बोर्ड परीक्षाओं की भी मॉनिटरिंग की जाएगी। जिन स्कूलों के परिणाम कमजोर रहेंगे, वहां शाला समाप्त होने के बाद स्पेशल कोचिंग होगी। विद्यालय के शिक्षक ही ये कक्षाएं लेंगे। जिन विषयों के परिणाम कमजोर रहेंगे, उन विषयों को शाला समय में भी अतिरिक्त समय दिया जाएगा। गौरतलब है कि बारहवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से तथा दसवीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। परिणाम सुधारने इस सत्र मिशन उत्कर्ष अभियान चलाया गया है।

### भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मैच...

रूप से इंतजाम किया जाए। इसके लिए जिला सेनानी से समन्वय स्थापित कर उपकरणों का पूर्व परीक्षण कराया जाए। दर्शकों की सुविधाजनक आवाजाही को सुनिश्चित करने सभी गेट पर आयोजन समिति के वालन्टीयर रहें। मेडिकल सुविधा का इंतजाम, सुरक्षा के मद्देनजर स्टेडियम और परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, एडीएम उमाशंकर बंदे, एएसपी विवेक शुक्ला, एएसपी यातायात प्रशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के एक्सीक्यूटिव कमेटी मेंबर मुकुल तिवारी तथा सीईओ हरी गोंडापल्ली सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### रात की तुलना में दोगुना हुआ...

इलाकों में ठंड का प्रभाव कम होता जाएगा, इसके बाद बस्तर और सरगुजा संभाग में असर होगा। रात की हल्की ठंड अभी फरवरी-मार्च में भी रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य, मगर अधिकतम करीब तीन डिग्री अधिक था। इसी तरह राज्य में रात का न्यूनतम पारा 8.3 अंबिकापुर और दिन का अधिकतम पारा 32.0 डिग्री दुर्ग और राजनांदगांव का दर्ज किया गया। अगले दो दिनों तक इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### यह ट्रेन...

- 24 से 31जनवरी तक तिरोडी से छूटने वाली 58818 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर नहीं चलेगी ।
- 24 से 31जनवरी तक बालाघाट से छूटने वाली 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-तिरोडी मेमू नहीं चलेगी ।
- 24 से 31जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 68714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक दुर्ग से छूटने वाली 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 68744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेम नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक इतवारी से छूटने वाली 68716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू नहीं चलेगी ।

### बीच में समाप्त...

- 24 से 31 जनवरी तक तिरोडी के स्थान पर यह गाड़ी गोबरवाही से बालाघाट के लिए रवाना होगी 78813 तिरोडी-बालाघाट डेमू अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड के बीच नहीं चलेगी । n 24 से 31 जनवरी तक बालाघाट से छूटने वाली 78814 बालाघाट-तिरोडी डेमू गोबरवाही तक चलेगी अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड नहीं चलेगी ।

## नन्हे कलाकारों ने दी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय आरंग का शालेय वार्षिक उत्सव मनाया गया

सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय आरंग का शालेय वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा, राज्य मंत्री एवं अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ रहे। अध्यक्षता डॉ. संदीप जैन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग ने की। विशिष्ट अतिथि के.के. भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता आरंग, चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता आरंग, पुष्कर साहू पार्षद वार्ड नंबर 9, वीरेंद्र गोलू कंड़रा पार्षद, तेजराम यादव, कौशल साहित्य कला मंचा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। स्वागत के पश्चात शाला प्रतिवेदन प्रधान पाठिका देवकुमारी यादव ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारी शाला में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं। पुष्कर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस शाला में आकर अपनी संस्कृति और अपनापन का एहसास होता है। के. के. भारद्वाज जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह शाला छोटी जरूर है, लेकिन इसके कार्यक्रम बड़े स्कूलों के समान हैं। इस शाला के लिए जो भी संभव होगा, हम करेंगे। शाला के समस्त शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति को बधाई दी। डॉ. संदीप जैन अध्यक्ष जी ने कहा कि संस्कृति की रक्षा करने का कार्य यह स्कूल कर रही है। यहां शंकर, बजरंगबली आदि की पूजा, स्तोत्र वाचन सराहनीय है। मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा ने अपने आसंदी उद्बोधन में कहा कि यह शाला हर विधा में पूर्ण लगती है। ऐसी ही शालाओं की आवश्यकता है। हम इस शाला के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### बच्चों को किया गया सम्मानित



शाला के वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा देशभक्ति नृत्य, आदिवासी नृत्य, कर्मा नृत्य, झांसी की रानी, महाभारत नृत्य-नाटिका, पंथी नृत्य एवं हास्य प्रहसन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर अप्सरा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। शाला में प्रतिदिन कराटे प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रतिवर्षानुसार कक्षाओं में सर्वाधिक उपस्थिति देने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। जगन्नाथ योगी, सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा कक्षा पीपी-1 से आठवीं तक प्रथम आने वाले बच्चों को नगद राशि देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता लोधी, सुमनलता योगी, हेमा पुराडे, दीपमाला पटेल, कुसुम यादव, मनीषा देवांगन, रेखा रानी देवांगन, छाया यादव, मानिका लोधी एवं मधुरिमा सेन का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन उमेशनाथ योगी ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनूपनाथ योगी ने किया।



# रायपुर का नया मास्टर प्लान अटका, पुराने में बदलाव की प्रक्रिया धीमी, हो रहा है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनाए गए रायपुर के मास्टर प्लान में मौजूदा सरकार बड़े और आवश्यक बदलाव करना चाहती है। यही कारण है कि संशोधित मास्टर प्लान को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। इधर रायपुर में नए मास्टर प्लान का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है।

**ये है मामला :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर देश के उन चुनिंदा शहरों में शुमार है, जहां आबादी हर साल बढ़ती जा रही है। करीब 20 लाख की आबादी वाले इस शहर में अगले दस वर्षों में संख्या 30 से 35 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। यही वजह है शहर के दूरदर्शी विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करने लंबी एक्सरसाइज की गई, लेकिन अब तक मास्टर प्लान तैयार नहीं किया जा सका, जबकि नए मास्टर प्लान में रायपुर को एक अत्याधुनिक और सुविधाजनक महानगर के रूप में विकसित करने की योजना है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने करीब दो माह के भीतर रायपुर शहर का मास्टर प्लान जारी करने की घोषणा की थी।

## नए मास्टर प्लान में रायपुर को एक अत्याधुनिक और सुविधाजनक महानगर के रूप में विकसित करना

### नए मास्टर प्लान के माइल स्टोन

राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तैयार किए गए मास्टर प्लान को उपयुक्त नहीं पाया था। सूत्रों के अनुसार इस मास्टर प्लान में भविष्य के रायपुर के हिसाब से तैयार किया जाना है, इसलिए इसमें आवश्यक बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं। बताया गया है कि अब नया मास्टर प्लान 30 से 35 लाख की आबादी के अनुमान के हिसाब से तैयार किया जाएगा इसमें लॉजिस्टिक हब, रेसिडेंशियल हब और एजुकेशनल हब के लिए नए स्थान होंगे तय, कनेक्टिविटी, वाटर रिसोर्सेज, ट्रैफिक, सीवेज, इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर फोकस होगा। इसके साथ ही पिछले मास्टर प्लान की विसंगतियों को दूर कर नए शहरी क्षेत्रों का होगा विकास करना प्रस्तावित है। रायपुर के 30 से 40 किलोमीटर क्षेत्र का भी अलग अलग हब के रूप में विकास करने की तैयारी है।



### पुराने प्लान में कई विसंगतियां

राज्य सरकार ने पुराने मास्टर प्लान में कई विसंगतियों के मद्देनजर इस बदलने की तैयारी की है। इसके पीछे वजह ये है कि कांग्रेस शासन में मास्टर प्लान 2031 तैयार किया गया था। तब रायपुर शहर का कुल क्षेत्रफल 503.67 वर्ग किलोमीटर मानकर मास्टर प्लान बनाया गया,लेकिन इसमें कई विसंगतियां भी सामने आईं। आरोप लगे कि जमीन कारोबारियों और अपने करीबियों को लाभ पहुंचाने के लिए मास्टर प्लान को तैयार किया गया है। यही वजह है कि इस मास्टर प्लान को संशोधित या बदलकर नए सिरे से अगले 25 से 30 सालों के अनुरुप मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं स्थानीय नेता

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व सांसद सुनील सोनी का कहना है आने वाले कुछ वर्षों में ट्रैफिक की समस्या सबसे बड़ी होगी, लिहाजा ऐसे विषयों को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान तैयार किया जाना चाहिए। आरडीए के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव कहते हैं कि शहर के भविष्य को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान बनाया जाना चाहिए। भाजपा नेताओं के बयानों से अलग कांग्रेस के मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सी वर्गों से चर्चा कर दावा-आपत्ति मंगाकर इसे तैयार किया था। सरकार बदलने के बाद भाजपा ने केवल भयादोहन करने की नीयत से इसे रद्द किया। ये भाजपा सरकार की संकीर्ण मानसिकता के अलावा कुछ नहीं है।

## निधन

### धर्मीबाई जसूजा



**रायपुर।** सिंधी समाज के संत साईं लालदास साहेब की माताजी धर्मीबाई जसूजा का रायपुर में निधन हो गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाठा बिलासपुर में रखा गया है। अंतिम संस्कार 20 जनवरी को चकरभाठा स्थित सिंधी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ब्रह्मलीन बाबा गुरमुखदास साहेब की धर्मपत्नी थीं।

### देवसरी बाई सिन्हा



**रायपुर।** नया मंगल बाजार गुढ़ियारी निवासी देवसरी बाई सिन्हा का 19 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे पुराणिक सिन्हा की पत्नी और कांग्रेस नेता कुंदन सिन्हा की माता थीं।

### राजेश पटेल



**रायपुर।** सेल टैक्स कॉलोनी गायत्री नगर निवासी राजेश पटेल (53) का 19 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे डॉ. एमएल नायक के दामाद, बीना पटेल के पति एवं आरुषि पटेल के पिता थे।

चालू माह में 27 हजार क्विंटल चावल की जरूरत, गोदाम में सिर्फ 7 हजार क्विंटल का स्टॉक

# राशन दुकानों से बीपीएल चावल गायब हितग्राही परेशान, लौट रहे खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर की उचित मूल्य की दर्जनों दुकानों में बीपीएल कोटे का चावल ही नहीं है, जिसके बीपीएल हितग्राहियों को भी दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। चावल नहीं मिलने की मुख्य वजह छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम (नान) रायपुर के गुढ़ियारी एवं मंदिर हसौद में खपत के अनुसार बीपीएल चावल के स्टॉक की कमी होना है। विभागीय सूत्रों से पता चला है कि चालू महीने में लगभग 20 हजार क्विंटल बीपीएल कोटे का चावल बांटा जाना है, लेकिन नान के गुढ़ियारी एवं मंदिर हसौद स्थित गोदाम में सिर्फ 7 हजार क्विंटल बीपीएल चावल का ही स्टॉक बचा है। इसके कारण राशन दुकानों में चावल का भंडारण करने में कोताही बरती जा रही है।

हरिभूमि ने सोमवार को राजधानी की कई उचित मूल्य दुकानों की पड़ताल की। इस दौरान अनेकों दुकानों में बीपीएल चावल ही नहीं मिला। इन दुकानों के संचालकों ने बताया कि भंडारण के लिए नान में डिमांड किए कई दिन हो चुके हैं। इसके बाद भी चावल का भंडारण नहीं किया जा रहा है। चावल नहीं होने के कारण हितग्राहियों को वापस लौटाना पड़ रहा है। जिन दुकानों में चावल नहीं पहुंचा हैं उनके संचालकों का यह भी कहना है कि चालू माह को खत्म होने में अब मात्र 11 दिन ही शेष बचे हैं। इसमें भी दो दिन अवकाश में चले जाएंगे। इस तरह 9 दिनों में ही उन्हें शेष हितग्राहियों को चावल वितरण करना है। अगर समय पर चावल का भंडारण नहीं किया गया तो कई हितग्राहियों को इस महीने चावल से वंचित होना भी पड़ सकता है, क्योंकि महीना खत्म होने के बाद उस माह का राशन बांटने का ऑप्शन ही साफ्टवेयर में नहीं है।

### अतिरिक्त प्रभार के कारण अफसर भी बरत रहे लापरवाही

राजधानी होने के बावजूद रायपुर जिले के नागरिक आपूर्ति निगम में पिछले सालभर से अतिरिक्त प्रभार के रूप में अफसरों को कमान सौंपे जाने के कारण भी राशन दुकानों में खाद्यान्न सामग्रियों के भंडारण कराने में कहीं न कहीं कोताही बरती जा रही है। वर्तमान में नान रायपुर की जिम्मेदारी अलका शुक्ला को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपा गया है, जबकि वह बेमेतरा जिला नान का दायित्व भी संभाल रही है। अलका शुक्ला के पहले महासमुंद के नान डीएम को अतिरिक्त प्रभार के रूप में रायपुर नान की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनके कार्यकाल में भी राशन दुकानों में भंडारण की समस्या बनी हुई थी, जो अभी भी बनी हुई है।



### सर्वाधिक 718 दुकानें जिले में इसके बाद भी अतिरिक्त प्रभार

प्रदेश में सबसे अधिक राशन दुकानें रायपुर जिले में संचालित है। यहां दुकानों की कुल संख्या 718 है। इसके बाद भी नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर में डीएम पद पर अफसरों को यहां अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिम्मेदारी दी जा रही है, जबकि अन्य जिलों की तुलना में सबसे ज्यादा राशन दुकानें भी यहीं संचालित है। दो जिले का प्रभार होने के कारण अफसर भी हफ्ते के 5 वर्किंग दिनों में बमुश्किल से 3 दिन ही रायपुर आ पाते हैं। वह भी कभी हाफ टाईम के बाद तो कभी फस्ट हाफ में आकर लौट जाते हैं।

### इन दुकानों में कहीं बीपीएल, तो कहीं एपीएल-बीपीएल दोनों चावल नहीं

रायपुर शहर के दो दर्जन से अधिक दुकानों में कहीं बीपीएल तो कहीं एपीएल और बीपीएल दोनों चावल खत्म हो चुके थे। इन दुकानों के संचालक लगातार नान के गोदाम प्रभारियों से लेकर क्षेत्र के खाद्य निरीक्षकों को वाट्सप ग्रुप के माध्यम से भी चावल खत्म होने की जानकारी देते हुए तत्काल भेजने की मांग की गई है, लेकिन इसके बाद भी इन दुकानों अब तक चावल का भंडारण नहीं हो पाया है। जिन दुकानों में चावल खत्म हो चुका हैं, उनकी आईडी क्रमांक- 1305, 6017, 1337, 6009, 1276, 6013, 6015, 6011, 1104, 1261, 1348, 1284, 1042, 1277, 1021 सहित अन्य कई दुकानें शामिल है। इनमें से कुछ दुकानों में शक्कर और नमक भी खत्म हो चुका है।

### दुकान संचालकों को गुस्से का शिकार होना पड़ता है

भंडारण समय पर नहीं होने से दुकान संचालकों को हितग्राहियों एवं जनप्रतिनिधियों के गुस्से का शिकार होना पड़ता है, साथ ही अधिकारियों की नाराजगी-फटकार भी सहन करते हैं, जबकि धीमी सप्लाई के कारण दुकानों में खाद्यान्न बंट नहीं पाता।

*- **नरेश बाफना,** अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ*

### भंडारण कराया जा रहा

सात हजार क्विंटल बीपीएल चावल स्टॉक में है। जरूरत के अनुसार राशन दुकानों में भंडारण कराया जा रहा है।

*- **अलका शुक्ला,** डीएम नान रायपुर*

### एक दो दिन में हो जाएगी आपूर्ति

एक-दो दिन में चावल की आपूर्ति हो जाएगी। इसके बाद दुकानों में मांग के अनुसार भंडारण होने लगेगा।

*- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# हीरापुर में टेंगना तालाब के पास अवैध निर्माण को तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के आउटर इलाकों में सरकारी जमीन पर नगर निगम से बिना अनुमति अवैध निर्माण थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर निगम प्रशासन जोनवार इसके लिए अभियान चलाकर अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग रोकने कदम उठा रहा है। सोमवार को नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग टीम ने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर हीरापुर क्षेत्र के टेंगना तालाब के पास 28 हजार वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति अवैध रूप से बनाए गए शेड युक्त गोडाउन को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। नगरनिगम के जोन 8 की टीम द्वारा इसके लिए नियम अनुसार नोटिस भी दिया गया इसके बाद भी अवैध निर्माण नहीं हटाने पर उसे तोड़ा गया।

- 28 हजार वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति शेडयुक्त गोडाउन बनाया

इसी तरह जोन 8 के अन्य वार्डो में सड़क बाधा शुल्क और ग्रीन नेट नहीं लगाए जाने पर कार्यवाही करते हुए ई पेनाल्टी के माध्यम से 3 हजार रुपए का जुर्माना संबंधित भवन स्वामियों से वसूला गया। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, अनुराग पाटेकर, उप अभियंता लोचन चौहान, अबरार खान और नगर निवेश विभाग के अन्य संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में वीर सावरकर नगर वार्ड क्षेत्र में अवैध शेडयुक्त गोडाउन को नियम अनुसार तोड़ा गया।

## बिजनेस साइट

### जीके इलेक्ट्रिक ने पार किया 4000 वाहन डिलीवरी का आंकड़ा



**रायपुर।** इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने अब तक 4000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की सफल डिलीवरी कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने 4000 से ज्यादा ग्राहकों का विश्वास भी जीता है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में मजबूत मौजूदगी तथा 42 सर्विस टचपॉइंट्स के नेटवर्क के जरिए जीके इलेक्ट्रिक किफायती, भरोसेमंद और पर्यावरण-अनुकूल लास्ट-माइल मोबिलिटी समाधान उपलब्ध करा रही है। आसान फाइनेंसिंग, तेज सर्विस और बेहतर अपटाइम के कारण डीलर्स और ग्राहकों दोनों को लाभ मिल रहा है। कंपनी के निदेशक पुनीत परवानी ने कहा कि यह सफलता ग्राहकों और डीलर नेटवर्क के बढ़ते भरोसे का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि जीके इलेक्ट्रिक केवल वाहन ही नहीं, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है, खासकर महिला उद्यमियों के लिए।

### शिकागो में सम्मानित होंगे संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल के डॉ. अविनाश तिवारी

**रायपुर।** संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल के दर्द, पैलिएटिव केयर एवं सपोर्टिव ऑन्कोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. अविनाश कुमार तिवारी को अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी द्वारा प्रतिष्ठित आइडिया पीसी अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। यह संस्था कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित सोसायटी मानी जाती है। यह उपलब्धि न केवल संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का विषय है। डॉ. तिवारी को कैंसर उपचार के क्षेत्र में सपोर्टिव केयर, दर्द प्रबंधन, पैलिएटिव केयर तथा अनुसंधान कार्य में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। वे आगामी मई माह में अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित समारोह में यह अवॉर्ड ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह अवॉर्ड अपने मरीजों को समर्पित किया।



### अविनाश मैग्नेटो मॉल की सुपर संडे सेल में उमड़ा जनसैलाब





**रायपुर।** शहर के प्रमुख शॉपिंग डेस्टिनेशन अविनाश मैग्नेटो मॉल में आयोजित एक दिवसीय 'सुपर संडे सेल' को रायपुरवासियों का जबरदस्त समर्थन मिला। 18 जनवरी को आयोजित इस मेगा सेल में सुबह से देर रात तक मॉल में रिकॉर्ड फुटफॉल देखने को मिला। शहर के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग शॉपिंग का आनंद लेने पहुंचे, जिससे मॉल में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। सेल के दौरान फैमिलीज, युवा और बच्चे सभी खासे उत्साहित नजर आए। फैशन, लाइफस्टाइल, फुटवियर, ब्यूटी और एक्सेसरीज सहित लगभग सभी प्रमुख ब्रांड्स पर फ्लैट 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट ने ग्राहकों को खूब लुभाया। ग्राहकों ने बेहतरीन ऑफर्स का भरपूर लाभ उठाते हुए जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर अविनाश मैग्नेटो मॉल के डायरेक्टर प्रियंक सिंघानिया, सीओओ राज कुजूर और मार्केटिंग एवं इवेंट हेड आभा गुप्ता ने रायपुर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगे भी मॉल अपने ग्राहकों के लिए ऐसे ही आकर्षक ऑफर्स और मनोरंजक आयोजन लाता रहेगा।

### रायपुरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रॉयल डिज्नीलैंड मेला

**रायपुर।** राजधानी के रावणभाठा मैदान में आयोजित रॉयल डिज्नीलैंड मेला इन दिनों शहरवासियों के लिए पारिवारिक मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में लोग मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। खासकर शाम के समय मेले में रौनक और उत्साह देखने लायक रहता है। मेले का भव्य 220 फीट चौड़ा रॉयल एंट्री गेट, 90 फीट ऊंचे आकाश झूले, विशाल डायनासोर मॉडल, जलपरी शो और रहस्यमयी भूत बंगला लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों के लिए डायनासोर शो खास आकर्षण है, जहां टी-रेक्स सहित कई प्रागैतिहासिक जीवों की झलक दिखाई जा रही है। मनोरंजन के साथ खरीदारी और खान-पान की भी भरपूर व्यवस्था है। फूड जोन और विभिन्न स्टॉल मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं। कुल मिलाकर रॉयल डिज्नीलैंड मेला यादगार अनुभव दे रहा है।



### आंजनेय विश्वविद्यालय के फोरेंसिक छात्रों ने किया ऑटोप्सी सिमुलेशन का शैक्षणिक भ्रमण





**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय अंतर्गत फोरेंसिक साइंस विभाग के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत पीटी. जे.एन. मेडिकल कॉलेज, रायपुर में आयोजित ऑटोप्सी सिमुलेशन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान छात्रों को चार लाइव ऑटोप्सी देखने का अवसर मिला, जिससे उन्हें फोरेंसिक पैथोलॉजी की वास्तविक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत डीएनए विश्लेषण, अपराध स्थल जांच और मेडिको-लीगल मामलों से संबंधित विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किए गए। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को फोरेंसिक साइंस की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

# जवाहर बाजार पार्किंग ठेका की मियाद खत्म, रिनुवल या नया ठेका?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर में पार्किंग के ठेके की मियाद खत्म हो गई है। इसके लिए नया ठेका जल्द होगा। हालांकि जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति ने पार्किंग ठेका रिनुवल के लिए आवेदन लगाया है, जबकि निगम आयुक्त विश्वदीप ने जवाहर बाजार पार्किंग में वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूली के लिए 6 कर्मचारियों का दल बनाया है। इधर महापौर मीनल चौबे का कहना है कि जिन शर्तो के अधीन पूर्व में जवाहर बाजार पार्किंग का ठेका निगम ने दिया, उन शर्तो का पूरी तरह से पालन हुआ या नहीं, निगम की टीम इसकी जांच करेगी। इसके बाद पार्किंग ठेका पर निर्णय लिया जाएगा।

- जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति को मिला था 3 साल के लिए पार्किंग संचालन संधारण का जिम्मा

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा राजधानी के मध्य जवाहर बाजार पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर का निर्माण कराया गया है। 5 बाजारों के बीच एक बड़ी पार्किंग की सुविधा देने के मकसद से इसका निर्माण कराया गया। निर्माण के समय 3 वर्ष के लिए जवाहर बाजार पार्किंग के संचालन, संधारण तथा संपूर्ण रखरखाव का जिम्मा नगर निगम ने जवाहर बाजार की व्यवसायिक कल्याण समिति को दिया। इसकी मियाद अब पूरी हो गई है। इसे देखते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप ने 2 जनवरी 2026 को आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत जवाहर बाजार पार्किंग सह व्यवसायिक परिसर में निर्मित पार्किंग में वाहनों से पार्किंग शुल्क की विभागीय वसूली किए जाने 6 कर्मचारियों को आदेशित कर उनके मूल कार्यो के साथ संलग्न किया। इसमें राजस्व उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, आकाश झा, विनोद महोबिया, सोमेश यादव,केहर फरिकार, कृष्णा टंडन दल के सदस्य बनाए गए। निगम आयुक्त द्वारा गठित यह दल सहायक राजस्व अधिकारी बाजार और नजूल शाखा के निर्देश पर कार्य करेंगे। निगम आयुक्त के आदेश में दल को आफसेट दर की जानकारी 7 दिन के अंदर प्रस्तुत करने आदेशित किया है। अग्रिम आदेश तक जवाहर बाजार में पार्किंग से विभागीय वसूली करना सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। सूत्रों के मुताबिक निगम के संबंधित कर्मचारी जवाहर बाजार में पार्किंग शुल्क वसूली के लिए गत दिनों जब जवाहर बाजार पहुंचे तो उन्हें मना किया गया।





इस संबंध में जवाहर बाजार व्यवसायिक कल्याण समिति के अध्यक्ष सुभाष बजाज का कहना है, हमने पार्किंग संचालन के नियम शर्तो के तहत रिनुवल के लिए निगम में आवेदन किया है।

### रिनुवल के लिए लगाया है आवेदन

जवाहर बाजार के व्यवसायिओं ने पार्किंग संचालन व संधारण के रिनुवल के लिए आवेदन लगाया है। पूर्व में 3 साल के लिए पार्किंग संचालन का जिम्मा व्यापारियों की समिति को दिया गया था, जिसकी मियाद पूरी हो चुकी है। किन नियम व शर्तो के तहत पार्किंग संचालन का जिम्मा दिया गया और उन शर्तो का पूरी तरह से पालन हुआ है या नहीं, निगम की टीम से इसका परीक्षण करा रहे हैं। इसके बाद ही पार्किंग ठेका पर निर्णय लिया जाएगा।

*- **मीनल चौबे,** महापौर, रायपुर नगर निगम*

## पेज 11 के शेष ...

### प्री बोर्ड प्रारंभ, नतीजे ...

परीक्षाओं के बाद प्री बोर्ड परीक्षाओं की भी मॉनिटरिंग की जाएगी। जिन स्कूलों के परिणाम कमजोर रहेंगे, वहां शाला समाप्त होने के बाद स्पेशल कोचिंग होगी। विद्यालय के शिक्षक ही ये कक्षाएं लेंगे। जिन विषयों के परिणाम कमजोर रहेंगे, उन विषयों को शाला समय में भी अतिरिक्त समय दिया जाएगा। गौरतलब है कि बारहवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से तथा दसवीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। परिणाम सुधारने इस सत्र मिशन उत्कर्ष अभियान चलाया गया है।

### भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मैच...

रूप से इंतजाम किया जाए। इसके लिए जिला सेनानी से समन्वय स्थापित कर उपकरणों का पूर्व परीक्षण कराया जाए। दर्शकों की सुविधाजनक आवाजाही को सुनिश्चित करने सभी गेट पर आयोजन समिति के वालन्टीयर रहें। मेडिकल सुविधा का इंतजाम, सुरक्षा के मद्देनजर स्टेडियम और परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, एडीएम उमाशंकर बंदे, एएसपी विवेक शुक्ला, एएसपी यातायात प्रशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के एक्सीक्यूटिव कमेटी मेंबर मुकुल तिवारी तथा सीईओ हरी गोंडापल्ली सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### रात की तुलना में दोगुना हुआ...

इलाकों में ठंड का प्रभाव कम होता जाएगा, इसके बाद बस्तर और सरगुजा संभाग में असर होगा। रात की हल्की ठंड अभी फरवरी-मार्च में भी रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य, मगर अधिकतम करीब तीन डिग्री अधिक था। इसी तरह राज्य में रात का न्यूनतम पारा 8.3 अंबिकापुर और दिन का अधिकतम पारा 32.0 डिग्री दुर्ग और राजनांदगांव का दर्ज किया गया।

### यह ट्रेन...

- 24 से 31जनवरी तक तिरोडी से छूटने वाली 58818 तिरोडी–तुमसर रोड पैसेंजर नहीं चलेगी।
- 24 से 31जनवरी तक बालाघाट से छूटने वाली 68715 बालाघाट–नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)–तिरोडी मेमू नहीं चलेगी ।
- 24 से 31जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 68714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)– बालाघाट मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक दुर्ग से छूटने वाली 68741 दुर्ग–गोंदिया मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68743 गोंदिया–नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 68744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)–गोंदिया मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68742 गोंदिया–दुर्ग मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 68711 डोंगरगढ़–गोंदिया मेमू नहीं चलेगी ।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68713 गोंदिया–नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेम नहीं चलेगी।
- 28 से 31 जनवरी तक इतवारी से छूटने वाली 68716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)–गोंदिया मेमू नहीं चलेगी।
- 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68712 गोंदिया–डोंगरगढ़ मेमू नहीं चलेगी ।

### बीच में समाप्त...

- 24 से 31 जनवरी तक तिरोडी के स्थान पर यह गाड़ी गोबरवाही से बालाघाट के लिए रवाना होगी 78813 तिरोडी–बालाघाट डेमू अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड के बीच नहीं चलेगी।
- 24 से 31 जनवरी तक बालाघाट से छूटने वाली 78814 बालाघाट–तिरोडी डेमू गोबरवाही तक चलेगी अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड नहीं चलेगी।

# बीमार साथी को लेकर 15 किलोमीटर पैदल चले सीएएफ अभ्यर्थी, प्रशासन ने एंबुलेंस नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीएएफ के वेटिंग अभ्यर्थी नौकरी की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 28 दिनों से धरने पर हैं। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान एक महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ी, तो उन्होंने एंबुलेंस मांगी। अभ्यर्थियों का कहना है, प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए, प्रदर्शनकारी बेहोश साथी को लेकर पैदल इलाज कराने निकले। करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर अस्पताल पहुंचे। इस दौरान सीएएफ वेटिंग अभ्यर्थी वर्दी दो, या मृत्यु दो के नारे लगाते पैदल चले। रास्ते में पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई। सूत्रों के मुताबिक कॉल करने के डेढ़ घंटे बाद भी एंबुलेंस स्पॉट पर नहीं पहुंची। जिस महिला अभ्यर्थी की तबियत बिगड़ी उसका नाम बालोद की चांदनी सोनवानी बताया गया है। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भर्ती परीक्षा 2018 की प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थी वेटिंग क्लियर करने की मांग को लेकर परिजनों के साथ तूता के धरना स्थल पर धरना दे रहे हैं। इन अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्ष 2018 में भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अब तक उनकी वेटिंग लिस्ट क्लियर नहीं की गई है, जिससे उनका भविष्य अधर में है।

पीड़ितों का कहना है, 7 साल से वे नियुक्ति आदेश का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें केवल आश्वासन दिया जा रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी।

गृह मंत्री को भी अपनी भावनाओं से अवगत कराया है, इसके बाद भी सीएएफ भर्ती परीक्षा 2018 की प्रतीक्षा सूची वाले प्रदेश 417 अभ्यर्थी की नहीं सुनी जा रही है। ठिठुरने वाले ठंड में खुले आसमान के नीचे धरना प्रदर्शन से उनके साथियों की तबियत खराब हो रही है।

- वर्दी दो या मृत्यु दो के लगाए नारे
- पुलिस के साथ रास्ते में झूमाझटकी



## डीएड अभ्यर्थी आमरण अनशन पर 8 लोगों तबीयत बिगड़ी, अस्पताल ले गए



हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने से नाराज प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी तूता धरना स्थल पर आमरण अनशन कर रहे हैं। सोमवार को अनशन के दौरान 8 अभ्यर्थियों की तबियत खराब हुई। जिन्हें उनके साथियों ने 112 में कॉल कर एंबुलेंस बुलाकर अभनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। इनमें कोंडागांव की प्रमिला नेताम, बेमेतरा की श्रद्धा, सरगुजा से आई डीएड अभ्यर्थी गायत्री, महासमुंद से राधेसिंग, कांकेर से अनुजराम मरावी, धमतरी से हीरालाल नेताम, और राजनांदगांव के नरेन्द्र कुमार शामिल है। इनमें से चार अभ्यर्थियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया, 4 अभ्यर्थी अस्पताल में उपचार करा रहे हैं। डीएड अभ्यर्थियों के आमरण अनशन और धरना प्रदर्शन को समर्थन देने सोमवार को पीसीसी चीफ दीपक बैज धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अभ्यर्थियों की मांग को जायज बताते हुए उन्हें आश्वस्त किया वे इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखेंगे।

## खबर संक्षेप

### राजिम मेला 1 फरवरी से, 9 को संत समागम 15 को समापन

**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प मेले के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इस सिलसिले में मेला अधिकारी व रायपुर संभाग के कमिश्नर एमडी कावरे ने सोमवार को मेला स्थल राजिम जाकर तैयारियां देखीं। बताया गया है कि 1 फरवरी से शुरू होने वाले इस मेले के उद्घाटन के लिए राज्यपाल रमेन डेका को आमंत्रित किया जा रहा है। राजिम मेला छत्तीसगढ़ के एक प्रमुख धार्मिक- सांस्कृतिक मेले के रूप में पहचान बना रहा है। लिहाजा इस साल भी मेले को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इन्हीं तैयारियों के संबंध में मेला अधिकारी श्री कावरे ने राजिम जाकर लोक निर्माण, पीडब्लुडी, सिंचाई, स्वास्थ्य नगरीय निकायों आदि के अधिकारियों के साथ बैठक की। बताया गया है कि 15 दिन चलने वाले इस मेले में 9 फरवरी को संत समागम होगा। इसके बाद 15 तारीख को महाशिवरात्रि के दिन मेले का समापन होगा।

### गोवा चैंबर ऑफ कॉमर्स और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के बीच एमओयू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ और गोवा के औद्योगिक एवं व्यापारिक परिदृश्य में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और गोवा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

### विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बने अनिल द्विवेदी, अजय बाबर महासचिव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का चुनाव रायपुर के गुढ़ियारी में कराया गया। इसमें कोरबा के अनिल द्विवेदी अध्यक्ष और धमतरी के अजय बाबर महासचिव चुने गए। प्रांतीय कार्यकारिणी के गठन में वर्तमान कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी सीके खांडे, जेके श्रीवास्तव, एसए सईद, एजे सिंह, महेश श्रीवास, डीके बिसेन, यूएस वर्मा, टीटी जॉन, वेदराम निर्मलकर, आर के राजपूत की भूमिका महत्वपूर्ण रही। जिन्होंने निर्विवाद चुनाव कराया। नई कार्यकारिणी में 10 फीसदी पद महिला कर्मियों के लिए सुरक्षित रखे गए हैं। अन्य पदों में कोषाध्यक्ष एसएल धीवर (धमतरी), संगठन सचिव अवधेश साहू (रायपुर), प्रचार सचिव यतींद्र गुप्ता (अंबिकापुर) तथा कार्यालय सचिव कान्हा कौशिक (रायपुर) को चुना गया है। जनता यूनियन की प्रांतीय टीम में बतौर उपाध्यक्ष जेपी पटेल (अंबिकापुर), समेलाल श्रीवास (कोरबा), यतीश वर्मा (दुर्ग), रीना पुरी गोस्वामी (रायपुर), रामजीत सिंह (जगदलपुर), पीवी सुब्रमण्यम (बिलासपुर) मनोनीत हुए हैं।

## 14 दिसंबर से अब तक एक करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्रग जब्त

# मादक पदार्थ कंज्यूम करने वालों का अलग अलग वर्ग, खास वर्ग पुलिस के टार्गेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ड्रग रैकेट के तिलस्म को तोड़ने पुलिस ने ड्रग कंज्यूम करने वाले वर्ग की पहचान कर उन वर्गों को टार्गेट कर कार्रवाई तेज कर दी है। ड्रग तस्करी पर लगाम लगाने पुलिस ने जांच का पैटर्न बदल दिया है। पुलिस ने 14 दिसंबर से लेकर अब तक एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की ड्रग जब्त कर दो दर्जन से ज्यादा ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने सोमवार को पंजाब, मोगा के ड्रग तस्कर सतनाम सिंग उर्फ लॉडी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.90 लाख हजार कीमत का हेरोइन चिट्टा जब्त किया है।

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के अनुसार पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान से बड़ी संख्या में ट्रक ड्राइवर माल परिवहन करते हैं। ड्राइवर जिन राज्यों से आते हैं। उन राज्यों के लोग यहां बड़ी संख्या में निवासरत हैं और अलग-अलग सेक्टर में काम करते हैं।

संबंधित राज्य के लोग अपने कल्चर के हिसाब से मादक पदार्थों का सेवन करते हैं। इसके कारण तस्कर राजधानी सहित छत्तीसगढ़ को टार्गेट करते हुए हेरोइन चिट्टा, अफीम, डोडा चूरा तथा एमडीएमए खपा रहे हैं।

### ट्रक ड्राइवर से लेकर ट्रांसपोर्टर, कुरियर ब्वाय रेल रूट से ड्रग लाकर खपा रहे

### इन क्षेत्र के लोग अफीम, हेरोइन चिट्टा का नशा करते हैं

*राजस्थान में बड़े पैमाने पर अफीम का नशा किया जाता है। इसके साथ ही पंजाब तथा हरियाणा में हेरोइन चिट्टा का नशा किया जाता है। इन राज्यों से आए लोग जो पेशे से ड्राइवर हैं, उनके द्वारा अफीम के साथ हेरोइन चिट्टा का नशा किया जाता है। इसके साथ उन राज्यों से आए खासकर युवा तथा अधेड़ उम्र के लोग हेरोइन चिट्टा के साथ अफीम का नशा करने के आदी हो गए हैं। इसके कारण पिछले पांच वर्षों में राजधानी में अफीम, हेरोइन चिट्टा के साथ एमडीएमए जैसे प्रतिबंधित मादक पदार्थों का नशा करने का प्रचलन बढ़ा है।*



फाइल फोटो

### एमडीएमए हाई प्रोफाइल वर्ग की पसंद

एमडीएमए हाई प्रोफाइल वर्ग के युवाओं की पसंद है। एमडीएम की तस्करी मुंबई तथा दिल्ली के रास्ते से हो रही है। कुरियर ब्याव ट्रेन रूट के रास्ते रायपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग ड्रग पैडलरों से संपर्क कर एमडीएमए खपाने का काम करता है। एमडीएमए खपाने ड्रग पैडलर इवेंट संचालकों से संपर्क कर ग्राहक जोड़ने का काम करता है।

### ड्राइवर के बाद तस्करी का माध्यम बन रहे ट्रांसपोर्टर

पुलिस को जैसे इनपुट मिले हैं, उसके मुताबिक प्रतिबंधित मादक पदार्थ का सेवन करने वाले जिन लोगों का संपर्क ड्राइवरों से है, वो ड्राइवर से संपर्क कर अपने लिए मादक पदार्थ मंगा लेता है। इसके अलावा प्रतिबंधित नशा का सेवन करने वाले नशेड़ी ट्रांसपोर्टर से संपर्क कर कमीशन पर प्रतिबंधित ड्रग मंगाते हैं।

### मादक पदार्थ लाने वालों की पहचान करना मुश्किल

*पंजाब, हरियाण, राजस्थान के रास्ते ड्रग लाने वाले ट्रक ड्राइवरों की पहचान करना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर है। इसके लिए पुलिस अब स्थानीय ड्राइवर, ट्रांसपोर्टरों के बीच मुखबिर तैयार कर ड्रग लाने वाले ड्राइवरों की पहचान कर कार्रवाई करने का काम कर रही है। यही कारण है कि हर तीसरे-चौथे दिन तस्कर हेरोइन चिट्टा तथा अफीम के साथ दबोचे जा रहे। तस्करों की पहचान करने पुलिस ने ढाबों की निगरानी बढ़ा दी है।*

# ओडिशा से बीमार हाथी उदंती पहुंच रहे, अफसर बोले- रिसर्च का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



फाइल फोटो

- एलू मदर मादा हाथी के दल से अलग होने की संभवत: पहली घटना
- गंभीर रूप से बीमार एलू मदर की उपचार के दौरान हुई थी मौत

उदंती-सीतानदी में इन दिनों ओडिशा के ऐसे हाथी जो बीमार हैं, पहुंच रहे हैं। ऐसे ही गंभीर रूप से बीमार एक एलू मदर मादा हाथी जो सिकासेर दल की सदस्य है, भटक कर उदंती-सीतानदी पहुंची और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। ओडिशा से तीन से चार की संख्या में बीमार हाथी उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में घूम रहे हैं। बीमार होने की वजह से हाथी ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। ऐसे में वन विभाग की टीम ऐसे हाथियों की विशेष निगरानी कर रहा है।

वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक मादा हाथी अपने दल की मुखिया होती है, वह कभी दल से अलग नहीं होती। नर हाथी को हाथियों का दल किशोर अवस्था पार होने के बाद दल से निकाल देता है। वह नर हाथी किसी दूसरे दल में मादा हाथी के संपर्क में आने के बाद जुड़ जाता है और मादा हाथियों के साथ मेटिंग कर हाथी दल को कुनबा बढ़ाता है। बताया जा रहा है, 17 जनवरी को जिस मादा हाथी की मौत हुई थी, उसकी उम्र 12 वर्ष के करीब है। इस उम्र की मादा हाथी अपनी मां के साथ दल की सुरक्षा करने के साथ दल में शामिल अन्य हाथी शावकों की निगरानी करने का काम करता है। इस वजह से किशोर उम्र की मादा हाथी को एलू मदर कहा जाता है।

### दिसंबर में लौटा था 40 हाथियों का दल

ओडिशा से आए 40 हाथियों का सिकासेर दल दिसंबर में वापस लौटा है। दल के वापस लौने के बाद दल में शामिल बीमार हाथी धीरे-धीरे कर वापस उदंती लौट रहे हैं। वर्तमान में ओडिशा से 10 हाथियों का कुलाब दल उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में विचरण कर रहा है। वर्तमान में उदंती में 13 हाथियों का दल विचरण कर रहा है।

### अफसर बोले शोध का विषय

किसी किशोर उम्र के बीमार मादा हाथी के दल से अलग होकर आने की संभवतः यह पहली घटना है। इसे लेकर अफसर भी हैरान हैं। अफसर बीमार मादा हाथी के दल से अलग होकर आने की घटना को शोध का विषय बता रहे हैं। वन्यजीव के जानकारों के अनुसार मादा हाथी के बीमार होने की स्थिति में भी दल से नहीं निकाला जाता।

### बीमारी का कारण अज्ञात

ओडिशा में हाथी किस कारण से बीमार हो रहे हैं, इसका पता नहीं चल पाया है। जिस बीमार हाथी की पिछले दिनों मौत हुई है, उसके लंग्स, हार्ट तथा अलग-अलग पार्ट जांच के लिए बरेली लैब भेजा गया है। आशंका जताई जा रही है कि हाथी ओडिशा में फसल में कीटनाशक दवा की चपेट में आकर बीमार हो रहे हैं। जिस मादा हाथी की पिछले दिनों मौत हुई थी, उसके मुंह में छाला हो गया था, जिसके चलते हाथी ने खाना-पीना बंद कर दिया था।

## नीट-पीजी का कट ऑफ -40 सिविल सोसाइटी ने की एनएमसी भंग करने की मांग

**रायपुर।** खाली सीटों का हवाला देकर नीट पीजी का कट ऑफ -40 करने का मामला विवादों में आ चुका है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर एनएमसी भंग करने की मांग की है। हवाला दिया गया है कि इससे चिकित्सा शिक्षा के स्तर में गिरावट आएगी। कट ऑफ में की गई बेतहाशा गिरावट पेशेवर गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है। एनएमसी की सहयोगी संस्था एनबीईएम द्वारा देश के मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की खाली सीट का तर्क देते हुए प्रवेश के लिए तय न्यूनतम अंक में कमी की थी। इस दौरान जनरल और ईडब्लूएस कोटे के लिए 7 परसेंटाइल, जनरल पीडब्लूबीडी कोटे के लिए 5 परसेंटाइल तथा आरक्षित वर्ग के लिए जीरो परसेंटाइल किया गया था। प्रवेश के परसेंटाइल में की कई ऐताहासिक कटौती के बाद इसका विरोध शुरू हो गया। चिकित्सकों द्वारा इसे शिक्षा के स्तर में गिरावट होने का हवाला देते हुए संशोधित किए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर एनएमसी को तत्काल भंग करने की मांग की है।

- चिकित्सा शिक्षा के गिरते स्तर पर जताई चिंता, राष्ट्रपति को पत्र

### निजी हित का आरोप

सिविल सोसाइटी का तर्क है कि एनएमसी गुणवत्तापूर्ण डॉक्टर तैयार करने के बजाय निजी संस्थानों की सीटें भरने को प्राथमिकता दे रहा है। गलत नीतियों के कारण देश के प्रतिभाशाली छात्र विदेशों का रुख कर रहे हैं, जिससे देश को भारी नुकसान हो रहा है। एनएमसी बुनियादी ढांचे में सुधार और फैकल्टी की कमी जैसे बुनियादी मुद्दों को सुलझाने में पूरी तरह विफल रहा है।

## डीएसपी-कारोबारी के कथित लेन-देन मामले में जांच रिपोर्ट पीएचक्यू में सौंपे जाने की चर्चा

**रायपुर।** कारोबारी द्वारा महिला अफसर के साथ संपर्क बढ़ाकर कथित तौर पर ढाई करोड़ रुपए के साथ महंगे गिफ्ट लेने के मामले की अधिकारी द्वारा जांच कंपलीट कर रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय में सौंपे जाने की चर्चा है। महिला अफसर से संपर्क करने पर उसने अब तक जांच रिपोर्ट नहीं मिलने की बात कही। कारोबारी ने महिला अफसर पर जो आरोप लगाए थे, उसके खिलाफ महिला अफसर ने कोर्ट में परिवाद दायर किया है। इस मामले की मंगलवार को सुनवाई होगी।

कारोबारी दीपक टंडन ने महिला डीएसपी कल्पना वर्मा के खिलाफ पैसे लेने तथा वापस नहीं करने का आरोप लगाया है। कारोबारी ने महिला अफसर पर रकम नहीं लौटाने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत एएसपी कार्यालय सहित पुलिस मुख्यालय तक की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अफसरों ने मामले की जांच के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट पेश किए जाने की बात को लेकर हरिभूमि ने महिला अफसर से संपर्क किया, तो उन्होंने अब तक रिपोर्ट नहीं मिलने की जानकारी दी।

महिला डीएसपी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा है कि यह उनके खिलाफ राजनीतिक और व्यक्तिगत साजिश है। उन्होंने कहा कि उनकी छवि को जानबूझकर धूमिल किया जा रहा है।

- महिला अफसर ने जांच रिपोर्ट अब तक नहीं मिलने की बात कही

# चांदी तीन लाख पार, एक ही दिन में साढ़े 17 हजार रुपए बढ़े दाम

- जनवरी 2025 में दाम 88500 थे, जनवरी 26 में दाम 302000 हो गए, सालभर में दो लाख 13 हजार बढ़ गए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



चांदी के दाम में सटोरियों का खेल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक ही दिन में सोमवार को 17500 रुपए दाम बढ़े और चांदी की कीमत तीन लाख के पार हो गई। शनिवार को बाजार बंद होने पर चांदी के दाम 284500 रुपए थे जो सोमवार को बाजार खुलने पर 302000 हो गए।

साल भर में इसके दाम दो लाख 13 हजार पांच सौ रुपए बढ़े हैं। बीते साल जनवरी में चांदी के दाम 88500 रुपए किलो थे जो इस साल 19 जनवरी में अब तीन लाख दो हजार हो गए हैं। इसके पीछे बहुत बड़ा हाथ सटोरियों का है। अब तो नए साल में स्थिति यह हो गई है कि चांदी के दाम एक ही दिन में कई बार बदल रहे हैं। चांदी में तो इस साल कमाल का ही खेल हो रहा है। कारोबारियों की मानें तो मिनट दर मिनट इसका दाम शेयर बाजार की तरह बदल रहे हैं। कारोबारियों को कई बार इसके दाम अपडेट करने पड़ रहे हैं। एक ही दिन में कई बार दाम बदल रहे हैं। इसके पीछे पूरा खेल वायदा कारोबार का है। इसके कारण सराफा कारोबारी भी बहुत परेशान हो गए हैं। कई कारोबारी इसके कारण बर्बाद भी हो रहे हैं। देश के कई राज्यों में कारोबारी दिवालिया हो गए हैं।

### पहली बार इतना इजाफा

चांदी के दाम कुछ साल पहले तक सीमित ही बढ़ते थे, लेकिन बीते साल में चांदी के दाम में भारी इजाफा हुआ। पांच साल पहले 2021 में चांदी के दाम जनवरी में 67520 रुपए थे। ये दाम कम होकर जनवरी 2022 में 60 हजार रुपए हो गए। इसके बाद एक साल में दाम 12 हजार ही बढ़े और जनवरी 2023 में 72 हजार रुपए हुए। इसके बाद एक साल में दाम महज चार हजार बढ़े और जनवरी में 2024 में दाम 76 हजार रुपए हुए। एक साल में फिर से दाम 12500 रुपए ही बढ़े और बीते साल के प्रारंभ में इसके दाम 88500 हो गए। इस साल दाम ने ऐसा कमाल किया है कि इसके दाम अब तीन लाख के पार हो गए हैं।

### आठ माह में तीन सौ फीसदी इजाफा : मालू

*रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, सोने एवं चांदी के भाव में वृद्धि का मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय तनाव है। अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए यूरोपीय देशों पर टैरिफ, अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले की संभावना, चांदी की अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिजिकल कमी, इन्हीं सभी परिस्थितियों के कारण स्टॉकिस्ट एवं निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोना और चांदी मैं निवेश कर रहे हैं। इसके कारण सोने और चांदी के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। यदि अंतरराष्ट्रीय तनाव इसी तरह बढ़ता रहा तो भाव में और वृद्धि की संभावना है। चांदी 1 अप्रैल 2025 को 100000 रुपए 12 दिसंबर को 201000 एवं 19 जनवरी 2026 को 302000 प्रति किलोग्राम हो गई। यानी 8 माह में 300% की वृद्धि दर्ज की गई है।*

# शासकीय सीटों पर प्रवेश का नियम निरस्त हो संशोधित नियमों से पूरी हो काउंसिलिंग प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिकल पीजी की शासकीय सीटों पर प्रवेश के लिए बनाए नियम को निरस्त किया जाए। इसके अलावा स्टेट कोटे की सीट पर एडमिशन की काउंसिलिंग संशोधित नियम के आधार पर कराई जाए। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने शासकीय कोटे की सीटों को दो भागों में विभक्त करने वाले जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने तर्क दिया है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने नियमों की गलत व्याख्या करते हुए राज्य कोटे की सीटों को दो भागों में बांट दिया था और इस नियम के आधार पर दो चरणों की काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी की थी। हाईकोर्ट के स्पष्टीकरण आदेश के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग को शासकीय सीटों पर प्रवेश के नियम में बदलाव किया जाना चाहिए। साथ ही काउंसिलिंग की आगे की प्रक्रिया को संशोधित नियम के साथ पूरी की जानी चाहिए। जूडा एसोसिएशन ने यह भी तर्क दिया है कि इस तरह के नियम बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।न्यायालय के स्पष्टीकरण आदेश के बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। ओपन कोटे की सीट पर एडमिशन के मामले में दूसरे राज्य के अभ्यर्थी भी आशंकित थे। इसकी वजह से दो राउंड की काउंसिलिंग के दौरान ओपन कोटे की गिनती की सीट में एडमिशन हुआ है। खाली बची सीटों को मॉपअप राउंड में शामिल किया जाना है।

- जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने की नियम बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग

### विद्यार्थी हित में जारी हो नई अधिसूचना

*शासन का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व बनता है कि एक दिसंबर 2025 में लाये गए नियम को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और विद्यार्थियों के हित में नई अधिसूचना जारी करे। यदि शासन ने अब भी देरी की, तो यह राज्य के सर्वश्रेष्ठ और मेधावी सरकारी डॉक्टरों के भविष्य के साथ स्थायी अन्याय होगा। शासकीय कालेजों में कुल स्वीकृत सीटों का पचास फीसदी पूर्व से ही अखिल भारतीय कोटे से आवंटित होता है।*

*- डा. रेशम सिंह, अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन*




हरिभूमि आवश्यकता है inh 24x7
रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल inh के लिए
पी सी आर
ऑनलाइन स्विचर, साउंड इंजीनियर
सी.जी.ऑपरेटर, पैनल प्रोड्यूसर
एम सी आर
ट्रांसमिशन ऑफिसर
ट्रेनीज़
विभिन्न विभागों में ट्रेनी कार्य हेतु फ्रेशर्स सम्पर्क करें
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें
inhnewshr@gmail.com
9303492276
9522283349

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



गणतंत्र दिवस परेड पर दिखेगी विभागों ...

## एजुकेशन अलर्ट

### जेल वार्डर के पदों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 8 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन




रायपुर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर जेल वार्डर के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया आज से शुरू कर दी गई है। जो उम्मीदवार झारखंड में जेल वार्डर के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। उम्मीदवार जेल वार्डर के पदों पर 09 जनवरी से आवेदन कर सकते हैं। बता दें, जेल वार्डर के कुल 1733 पदों पर भर्ती निकली है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 08 फरवरी, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। साथ ही फॉर्म में सुधार के लिए करेक्शन विंडो 11 से 13 फरवरी के बीच एक्टिव की जाएगी।

#### रजिस्ट्रेशन फीस

रजिस्ट्रेशन फीस कैटेगरी वाइज निर्धारित की गई है। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 50 रुपए, जबकि सभी वर्ग के कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपये निर्धारित की गई है।

#### कौन कर सकते हैं आवेदन

झारखंड में जेल वार्डर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा, पुरुष उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 25 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 27 वर्ष और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 30 होनी चाहिए।

#### कैसे होगा चयन

*उम्मीदवारों का चयन शारीरिक मापदंड एवं दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा और मेडिकल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा एक चरण में आयोजित कराई जाएगी। मुख्य परीक्षा में तीन पेपर होंगे। पहले पेपर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी भाषा से प्रश्न पूछे जाएंगे। दूसरे पेपर में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा से प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके अलावा तीसरे पेपर में उम्मीदवारों से सामान्य अध्ययन, झारखंड राज्य से संबंधित ज्ञान, सामान्य गणित और सामान्य विज्ञान से सवाल पूछे जाएंगे।*

---

हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रीराम-जानकी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में मारुति मंगलम में सजाई भजनों की श्रृंखला

# हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा...गूंजा जयघोष, बाबा के महोत्सव में भजन गायकों ने सजाया भव्य दरबार

**रायपुर।** गुढ़ियारी स्थित मंदिर में सोमवार को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। अवसर था श्रीराम-जानकी प्राण-प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव और श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित भव्य श्री श्याम बाबा महोत्सव का, जिसे समाजसेवी बसंत अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस समारोह में जैसे ही 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे...भजन के स्वर गूंजे, वहां मौजूद हजारों श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। इस भजन के बाद धार्मिक उत्सव में शामिल श्रोताओं को श्री अग्रवाल ने संबोधित भी किया। आयोजन करने वाले बालाजी, कराने वाले बालाजी के भाव को आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव पूर्णतः श्याम और बालाजी महाराज की कृपा से संभव हो पाया है। इस मौके पर बसंत अग्रवाल ने श्री हनुमान मंदिर में आरती करते हुए आशीष लिया।

### खाटू से आना मेरा बाबा खाटू से आना

महोत्सव में चार चांद लगाने के लिए देश के कोने-कोने से सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। मुंबई से आए प्रमोद त्रिपाठी ने श्याम का रंग चढ़ गया... जयपुर की रजनी राजस्थानी ने खाटू से आना मेरा बाबा खाटू से आना..., दिल्ली की वंशिका अग्रवाल और संबलपुर के राजीव पूरी ने जब भजनों की तान छेड़ी तो पूरा माहौल श्याम रंग में रंग गया। लोकप्रिय भजन गायक राजू महाराज 'पागल', राहुल सोनी और विनय अग्रवाल ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से समां बांधा। मारुति मंगलम में देर रात तक सजाए गए महोत्सव में भक्त अपने स्थान पर थिरकते नजर आए।

शहर के गुढ़ियारी क्षेत्र में स्थित मारुति मंगलम भवन में सोमवार को दिनभर महोत्सव का माहौल रहा। इसमें शामिल होने के लिए भक्तों की भीड़ रही। हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक तरफ जहां श्रीराम-जानकी प्राण-प्रतिष्ठा का वार्षिक महोत्सव मनाया गया। वहीं समाजसेवी बसंत अग्रवाल की अगवाई में इस बार भी श्याम महोत्सव का भक्तिमय आयोजन किया गया। चर्चित भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी, रजनी राजस्थानी के साथ वंशिका अग्रवाल और राजीव पुरी ने भक्ति की अविरल धारा से श्याम भक्तों को जोड़ने का प्रयास किया। देर रात तक भजनों की ऐसी श्रृंखला सजाई कि श्रोता भी आस्था में झूमते नजर आए।'





### युवाओं का संगीत के प्रति लगाव बढ़ रहा, मिलते हैं हर वर्ग के श्रोता

मुंबई से आए प्रमोद त्रिपाठी, जयपुर की रजनी राजस्थानी, दिल्ली की वंशिका अग्रवाल और संबलपुर के राजीव पुरी के साथ राजू महाराज 'पागल', राहुल सोनी और विनय अग्रवाल ने श्याम महोत्सव में भजनों की प्रस्तुति से पहले पत्रकारों से अनुभव भी साझा किए। उन्होंने सवालों का संयुक्त रूप से ही जवाब दिया। सभी ने कहा कि युवाओं का संगीत के प्रति लगाव बढ़ रहा है। हम जहां भी भजनों की श्रृंखला सजाने के लिए जाते हैं, वहां हमें हर वर्ग के श्रोता मिलते हैं।

### इनकी मौजूदगी में सजा श्याम महोत्सव

इस अनुष्ठान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही दक्षिण कौशल के पीठाधीश्वर महंत राजीवलोचन दास, दीनानाथ शर्मा, श्रवण शर्मा, विनोद अग्रवाल, आजाद गुर्जर, हेमेंद्र साहू ने महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंच पर उपस्थित थे। भक्तिमय संगीत के साथ आयोजन में सेवा का संगम देखने को मिला। शाम 5 बजे से प्रभु की इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सात्विक भोग-प्रसाद ग्रहण किया।



### भजन गाने के लिए तालीम भी लेने लगे

भगवान के भजनों से ऐसा नाता बना कि अब इसी में रम गए। जहां भी जाते हैं, भगवान के भजन गाते हुए लोगों से मिलने वाले रिस्पांस के भरोसे अगली प्रस्तुति के लिए खुद को तैयार करते हैं। युवाओं का लगाव अब भक्तिमय आयोजनों में बढ़ने लगा है। वे भगवान के भजनों को गाने के लिए तालीम भी लेने लगे हैं। इसे कॅरियर के रूप में भी युवा अपनाने लगे हैं, इससे पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। जब भी यहां आने का अवसर मिलेगा, श्याम बाबा के भजनों सहित सभी देवी-देवताओं की आस्था से जुड़े गीत गाने हम छत्तीसगढ़ आना पसंद करते हैं, क्योंकि यहां के लोगों को उत्सव को महोत्सव की तरह मनाने की कला आती है।



---

## सिटी इवेंट

### महिलाओं ने विविध खेलों से किया एंजॉय, हल्दी-कुमकुम से स्वागत



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा और अमलीडीह महिला केंद्र के हल्दी-कुंकू के साथ सोमवार को विविध खेलों का आयोजन किया गया। दोनों केंद्रों में अलग-अलग आयोजन हुए और दोनों केंद्रों ने अपने आयोजन को मनोरंजक बनाया। एक तरफ जहां केंद्र में हाउजी की गोटियों (पासा) से खेला। वहीं दूसरी ओर अमलीडीह केंद्र की महिलाओं ने एक स्टैंड पर कांच की चूड़ियां डालकर एंजॉय किया। बूढ़ापारा केंद्र की संयोजिका अपर्णा मोघे ने बताया कि केंद्र की सदस्य दीपाली बर्वे के निवास पर हल्दी-कुंकुम का आयोजन किया गया। गेम ऐसा कि पहले सभी सदस्यों ने अपनी जन्मतिथि बताई। इसके बाद बॉउल में रखी गोटियों को एक-एक करके तब तक निकालना था, जब तक प्रथम दो सदस्यों की जन्मतिथि वाला अंक नहीं आ गया। जिस प्रतिभागी ने ज्यादा गोटियों के बाद जन्मतिथि का नंबर निकाला, वह विजेता और उपविजेता रहीं। स्पर्धा में परिणीता खांडेकर विजेता और वंदना जोशी उपविजेता रहीं।

#### आपसी स्नेह और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक

अपर्णा मोघे ने हल्दी-कुंकू लगाकर और तिल के लड्डू से मुंह मीठा कराते हुए सभी का स्वागत किया। बैठक में जयश्री केलकर, हेमा बर्वे, हेमा पराड़कर, सविता मोघे, सरिता साठे, दमयंती देशपांडे, सुचित्रा देशपांडे, अंजलि नलगुंडवार भी उपस्थित रहीं। अपर्णा देशमुख ने बताया कि अमलीडीह केंद्र ने भी हल्दी-कुंकू का आयोजन किया। मराठियों में हल्दी-कुंकू का बड़ा महत्व है। इसको विवाहित महिलाओं के सौभाग्य, आपसी स्नेह और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक है। जहां वे एक-दूसरे को हल्दी-कुंकू लगाकर पति की लंबी उम्र और घर में सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। महिलाओं ने पेंसिल स्टैंड में कांच की चूड़ियां फेंकने का गेम भी खेला। इसमें 10 चूड़ियां फेंककर प्रिया काडू प्रथम और अक्षरा भगाड़े द्वितीय रहीं।

---

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी पर्व

## लोहड़ी पर्व पर पंजाबी गीतों और भांगड़ा-गिद्धा नृत्य ने मोहा मन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा लोहड़ी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन पंजाब केसरी भवन जोरा में किया गया। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने एकत्र होकर लोक परंपराओं के अनुरूप लोहड़ी जलाई और अग्नि के चारों ओर परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना किया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा पारंपरिक पंजाबी गीतों और भांगड़ा-गिद्धा नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। लोहड़ी के अवसर पर रेवड़ी, मूंगफली, तिल, गजक आदि प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। समाज के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं संयोजक रोहित अरोरा ने बताया कि लोहड़ी पर्व नई फसल, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों, नवजात शिशुओं को शुभाशीष दी गई एवं वरिष्ठ समाजजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सुनील जग्गी, विकास चोपड़ा, सुशील सखूजा, दीपक शाह, संजय भूटानी समेत समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## कल्चरल ओलंपियाड-2026 में इंदिरा को नृत्यकला शिरोमणि अवॉर्ड

रायपुर। शहर की इंदिरा साहू को नृत्यकला शिरोमणी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। नागपुर में चल रहे चौथे अखिल भारतीय कल्चरल ओलंपियाड-2026 में नृत्य कला शिरोमणी अवॉर्ड से उन्हें नवाजा गया। यह अवार्ड इंदिरा ने कथक नृत्यकला में अर्जित किया है। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने परिवार एवं अपने गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कथक नृत्यकला की शिक्षा गुरु तेज पटेल, गुरु तरुण कुर्म एवं किरण साहू से ग्रहण की है। नागपुर में इन्होंने ताल, तोड़े, ठुमरी और तराने मे अपनी नृत्यकला का प्रदर्शन कर सबका मन जीत लिया।




---

कार्नर न्यूज

एनआईटी में रिस्पॉन्सिबल एंड सस्टेनबल माइनिंग : करेंसी फॉर मॉडर्न वर्कफोर्स पर ट्रेनिंग प्रोग्राम

# माइनिंग में नवाचार पर फोकस करें स्टूडेंट्स भविष्य में ओपन कास्ट खनन धीरे-धीरे घट रहा

**रायपुर।** सोमवार को एनआईटी में एक सप्ताह का सेल्फ फाइनेंस्ड शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। संस्थान के खनन अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा 19 से 23 जनवरी तक सेल्फ फाइनेंस्ड शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का विषय "रिस्पॉन्सिबल एंड सस्टेनबल माइनिंग करेंसी फॉर मॉडर्न वर्कफोर्स है। कार्यक्रम का उद्देश्य खनन क्षेत्र में हो रहे तेज बदलावों और वैश्विक चुनौतियों के प्रति प्रतिभागियों को सक्षम बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ, संस्थान के पूर्व छात्र रहे अच्युत घटक ने संस्थान में अपनी उपस्थिति को होमकमिंग बताते हुए पुरानी स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में ओपन कास्ट खनन धीरे-धीरे कम होगा और भूमिगत खनन का महत्व बढ़ेगा। उन्होंने महात्मा गांधी के कथन "पृथ्वी सभी की आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है, परंतु लालच को नहीं" का उल्लेख करते हुए उन्नत खनन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोयला निकट भविष्य में भी ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा, परंतु पुरानी प्रणालियों से नए ढांचे की ओर उन्नत करना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है। आधुनिकीकरण के संदर्भ में उन्होंने बताया कि आधुनिक खनन में मानव हस्तक्षेप कम होगा, परंतु इससे रोजगार से जुड़े प्रश्न भी उत्पन्न होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत खनन के क्षेत्र में अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया।



### इन कंपनियों की भागीदारी

व्याख्यान, वास्तविक उदाहरणों पर आधारित चर्चाएं, व्यावहारिक सत्र, पैनल चर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम कोल इडिया लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नॉर्थन कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, अडानी समूह, छतीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक व महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के तकनीकी निदेशक संजय कुमार झा एवं संरक्षक के रूप में एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खनन इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार देवांगन ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. प्रेमसागर मिश्रा एवं समन्वयक खनन अभियांत्रिकी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनीत बालाकृष्णन हैं।

सिटी इवेंट

## गणित दिवस पर स्टूडेंट्स ने समझा क्वांटम कंप्यूटर में लैटिस थ्योरी और मनोयोग अध्ययन



**रायपुर।** शासकीय एनपीजी विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य छात्रों में गणित के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं विषय के प्रति रुचि विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बीके शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष गणित अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रहे। उन्होंने आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति में गणित की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए क्वांटम कंप्यूटर में लैटिस थ्योरी के महत्व को समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी ने विद्यार्थियों को पूर्ण मनोयोग से अध्ययन एवं कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. एके आदिल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष डॉ. वर्षा करंजगांवकर, गणितीय सोसायटी के प्रभारी डॉ. आरए सिद्दीकी, डॉ. महेंद्र प्रसाद, डॉ. बीपी त्रिपाठी, डॉ. एमएस गुप्ता संयुक्त निदेशक, रूसा, डॉ. सविता सिंह अंग्रेजी विभागाध्यक्ष, डॉ. सुलोचना हबलानी अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष, डॉ. सीएम डिसूजा एवं अतिथि प्राध्यापक डॉ. गुलाब दास, डॉ. अनुराग वर्मा उपस्थित रहे।

### पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

उद्घाटन समारोह का संचालन साक्षी तिवारी ने किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात अंतरमहाविद्यालयीन लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसके पश्चात मैथेमेटिक्स आर्ट एंड क्रिएटिविटी विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पुष्पा कौशिक, पूर्व प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय धरसींवा एवं डॉ. मधु श्रीवास्तव, प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा उपस्थित रहीं।

पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को लेकर तैयारियां तेज, जवान बहा रहे अभ्यास में पसीना

# गणतंत्र दिवस परेड पर विभागों की थीम बेस्ड झांकियों में दिखेगी जनजातीय गौरव और विकास की झलक

पुलिस परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस पर चलित थीम बेस्ड झांकियों का आकर्षण खास होगा। इस बार जहां स्वतंत्रता का मंत्र-वंदेमातरम थीम पर दिल्ली राजपथ पर प्रदेश की झांकी दिखेगी। वहीं स्थानीय स्तर पर पुलिस परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों की अपनी उपलब्धियों के साथ छत्तीसगढ़ की जनजातीय गौरव और विकास पर आधारित झांकियां दिखेंगी।

रायपुर। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड ग्रांउड पर सरकारी विभागों द्वारा झांकियां प्रस्तुत करने की तैयारी अंतिम दौर पर है। संभवतः 23 जनवरी से पुलिस परेड ग्राउंड पर रिहर्सल के लिए झांकिया पहुंचेंगी। इन विभागों में आदिम जाति विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, जेल एवं गृह विभाग समेत अन्य विभाग अपनी प्रगति और योजनाओं को दर्शाते हुए थीम बेस्ड झांकिया परेड में प्रदर्शित करेंगी। ये मनोरम झांकियां गणतंत्र दिवस पर आम नागरिकों को प्रदेश के समृद्धि, संस्कृति और विकास की गौरवगाथा से रूबरू कराते हुए उनके आकर्षण का केंद्र बनेंगी। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की परेड से पहले फुल ड्रेस रिहर्सल में झांकियों, स्कूली छात्र-छात्राओं की सांस्कृतित प्रस्तुतियों का अभ्यास होगा। गणतंत्र दिवस परेड पर हॉर्स राइडिंग स्टंट आकर्षण का केंद्र रहेगा। तीसरी बटालियन अम्लेश्वर के 13 हॉर्स का दल पुलिस परेड ग्राउंड में मार्चपास्ट में शामिल होने पहुंचा। सोमवार को पुलिस परेड ग्राउंड पर गणंतत्र दिवस परेड मार्चपास्ट के अभ्यास सत्र के दौरान तीसरी बटालियन अम्लेश्वर के घुड़सवारी दल ने अपने हॉर्स राइडिंग स्टंट का नमूना पेश किया। परेड प्रभारी सीपी रामवीर सिंह ने बताया कि घुड़सवारी दल को हवलदार अनिल सिंह कमांड कर रहे हैं।






### हैदराबाद में स्पेशल ट्रेंड हॉर्स

तीसरी बटालियन अम्लेश्वर की 13 हॉर्स परेड में शामिल किए गए हैं। ये सभी हॉर्स जयपुर व हैदराबाद से ट्रेनिंग दिलाकर तीसरी बटालियन अम्लेश्वर में लाए गए हैं। गणतंत्र दिवस को इन्हीं हॉर्स पर सवार होकर घुड़सवारी दल के जवान हॉर्स स्टंट दिखाएंगे। कंपनी कमांडर ने बताया कि इन हॉर्स की स्पेशल केयरिंग की जाती है। इसके लिए भोपाल से चारा मंगाया जाता है।



### डॉग स्क्वाड दिखाएगा जोखिम से निपटने का डेमो



परेड प्रभारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर डॉग स्क्वाड द्वारा डेमो करतब दिखाया जाएगा। यह गणतंत्र दिवस पर नागरिकों के लिए बेहद रोमांचित करने वाला पल होता है। परेड के दौरान डॉग स्क्वाड दल द्वारा विपरीत परिस्थितियों में जोखिमों से निपटने की जांबाजी दिखाकर रोमांचित किया जाएगा।

### इन विभागों की थीम बेस्ड झांकियां होंगी आकर्षण

गणतंत्र दिवस पर इस बार झांकियों की थीम जनजातीय गौरव पर आधारित होगी। इन सरकारी विभागों की झांकियों में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग समेत अन्य विभाग अपनी प्रगति और योजनाओं को दर्शाते हुए थीम बेस्ड झांकिया प्रस्तुत करेंगे, जो गणतंत्र दिवस पर नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### परेड में 14 प्लाटून्स के दल करेंगे मार्चपास्ट

गणतंत्र दिवस परेड में प्लाटून की 14 टुकड़ियां ही भाग ले रही थीं। इसमें बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, तेलांगना पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल महिला व पुरुष के जवान, घुड़सवार दल, डॉग स्क्वाड दल, जेल पुलिस पुरुष दल, नगर सेना महिला व पुरुष दल, सीआरपीएफ, जिला बल, पुलिस बैंड वाइपर महिला व पुरुष, बुगुलर दल पुरुष व एनसीएसी कैडेट्स मिलाकर 14 प्लाटून दल गणतंत्र दिवस परेड में मार्चपास्ट कर सलामी में हिस्सा लेंगे।



समाज लाइव

## उर्स के मौके पर दरगाह परिसर में रक्तदान शिविर



**रायपुर।** हर साल की तरह इस साल भी हलवाई लेन स्थित चिराग वाले बाबा का उर्स मुबारक 26 से 30 जनवरी तक मनाया जाएगा। उर्स के उपलक्ष्य में हर साल की तरह इस साल भी रविवार को सुबह 10.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन दरगाह परिसर में आयोजित किया गया, जो की विगत 20 सालों से जारी है। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। खादिम-ए-आस्ताना शेख गुलाम मोईनुद्दीन कुतुबी और उर्स इंतेजामिया कमेटी के अशरफ हुसैन अशरफी ने बताया कि उर्स की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

### चिराग वाले बाबा का उर्स 26 जनवरी से

उर्स में प्रदेशभर से जायरीन शामिल होंगे। उर्स के सभी कार्यक्रम दरगाह परिसर में होंगे। 26 जनवरी सोमवार को दोपहर 3 बजे शाही संदल और चादर खादिम-ए-आस्ताना मरहूम अल्हाज शेख मजीद कुतुबी साहब के मकान छोटापारा से निकलकर शहर की गश्त करता हुआ हलवाई लेन दरगाह पहुंचेगी। जहां पर देश में अमन, भाईचारा और खुशहाली की दुआ की जाएगी।

## श्रीमद भागवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा, व्यासपीठ की पूजा भी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित श्री महामाया माता मंदिर में सोमवार को सुबह से ही भक्तिमय माहौल रहा। 9 बजे श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव के पहले दिन प्रवचनकर्ता वृंदावन धाम से आए वैष्णवाचार्य मारुति नंदन वागीश महाराज को व्यासपीठ पर ले जाया गया। इससे पहले महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दोपहर से महाराज ने भागवत कथा प्रसंगों से श्रोताओं को जोड़ने आसंदी संभाली। श्रोताओं को बताया कि जीवन में जीवों पर दया करना और भगवान की भक्ति करना ही भागवत है। माया का स्वरूप महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती स्वरूपा महामाया का प्राकट्य देवताओं के रक्षार्थ हुआ था। जब महिषासुर के आतंक से देवी-देवता परेशान थे, तब ब्रह्मा, विष्णु और महेश के तीन तेज से दिव्य नारी प्रकट हुईं, वही महामाया है। इसलिए यह त्रिगुणात्मक है।



### गंगा रास्ते में पड़ने वाले नर-नारी को तारती



उन्होंने कथा शब्द की महत्ता को समझाते हुए कहा कि 'क' अर्थात ब्रह्म 'था' अर्थात अवस्थित, वही कथा है। श्रीकृष्ण ने गीता में कहा और भागवत में किया है। भागवत कथा सुनने मात्र से जीवन में व्यथा दूर होती है। इसलिए कथा अमृत का काम करती है। स्वर्ग के अमृत खत्म हो सकते हैं, देवता इसके लिए अमृतपान करने से डरते थे, क्योंकि अमृत समाप्त न हो जाए, लेकिन कथा रूपी अमृत कभी समाप्त नहीं होता है। गंगोत्री से गंगा निकलती है, रास्ते में पड़ने वाले नर-नारी, नगर को तार देती है, लेकिन कथा रूपी गंगा जीवन को तार देती है।

### दुनिया में कोई भी वस्तु भाव के बिना नहीं

महाराज ने कहा कि कथा में भाव होना चाहिए। दुनिया में कोई भी वस्तु भाव के बिना नहीं है। भाव बनेगा तो स्वभाव बदलेगा। अभाव दूर होने से सुख की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत का वर्णन स्कंद पुराण एवं पद्म पुराण में भी है। महाराज ने व्यासपीठ से न्यास समिति के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन आनंद शर्मा का स्मरण करते हुए आनंद शब्द को विस्तार से परिभाषित किया। सच्चिदानंद शब्द को सद्चित आनंद तीन शब्दों से बनना बताया। साधनजन्य आनंद और स्वयंसिद्ध आनंद में अंतर बताते हुए कहा कि शरीर को मिलने वाला आनंद वास्तविक आनंद नहीं है।

## पुरखौती मुक्तांगन में कला-साहित्य का होगा संगम, देशभर की विभूतियों को मिलेगा मंच

**रायपुर।** नवा रायपुर अटलनगर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव होगा। यह भव्य आयोजन 23, 24 एवं 25 जनवरी होगा, जिसमें देश-विदेश, प्रदेश के साहित्य प्रेमी, लेखक, विचारक और पाठक बड़ी संख्या में सहभागिता निभाएंगे। साहित्य उत्सव का शुभारंभ 23 जनवरी को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश करेंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित वर्धा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस संबंध में सोमवार को पुरखौती मुक्तांगन परिसर में प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी दी गई। साहित्य उत्सव में देश-विदेश एवं प्रदेश के लगभग 120 ख्यातिप्राप्त साहित्यकारों का आगमन होगा। आयोजन के दौरान कुल 42 साहित्यिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नाट्यशास्त्र एवं कला परंपरा, साहित्य और राजनीति, समकालीन महिला लेखन, जनजातीय साहित्य, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, पर्यटन, पत्रकारिता और शासन जैसे विषयों पर भी विशद परिचर्चाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही प्रकाशकों की चुनौतियां, डिजिटल युग में लेखन और पाठक जैसे समसामयिक विषय भी विमर्श के केंद्र में रहेंगे। आयोजकों ने बताया की समारोह की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं और प्रशासन द्वारा 21 जनवरी तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लिया जाएगा।



### कब, कौन-सा कार्यक्रम

साहित्य उत्सव के दौरान 23 जनवरी को शाम 7 बजे से प्रख्यात साहित्यकार एवं रंगमंच कलाकार मनोज जोशी द्वारा चर्चित 'चाणक्य' नाटक का विशेष मंचन किया जाएगा, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। 24 जनवरी 2026 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विशेष काव्य-पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही महाभारत धारावाहिक में भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाने वाले नीतीश भारद्वाज, सिनेमा जगत के जाने-माने निर्माता-निर्देशक अनुराग बसु भी साहित्य उत्सव में सहभागिता करेंगे। साहित्य उत्सव का समापन 25 जनवरी 2026 को होगा, जिसमें राज्य सरकार के मंत्रियों के साथ-साथ डॉ. सच्चिदानंद जोशी एवं डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी जैसी प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विभूतियां विशेष रूप से शामिल होंगी।

### चार भव्य मंडपों में आयोजन

साहित्यकारों की परिचर्चाओं एवं सत्रों के लिए आयोजन स्थल पर चार मंडप बनाए गए हैं। मुख्य मंडप का नामकरण ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के एकमात्र साहित्यकार स्व. विनोद कुमार शुक्ल के नाम पर किया गया है।

लाइव इवेंट

## 26 जनवरी काशी विश्वनाथ की झांकी संग नजर आएगा छत्तीसगढ़िया समूह



**रायपुर।** अंचल के जाने माने लोकवाद्य संग्राहक और लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय के साथ छत्तीसगढ़िया कलाकारों का समूह इस बार नई दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में 26 जनवरी को काशी विश्वनाथ मंदिर की झांकी के साथ नजर आएगा। खास बात यह है कि इस बार रिखी क्षत्रिय अपने मूल प्रदेश छत्तीसगढ़ के बजाए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रिखी और उनका समूह सोमवार को नई दिल्ली इस राष्ट्रीय समारोह के लिए रवाना हो गया। रिखी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार हो रही झांकी में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किए जाने को दर्शाया गया है। जिसमें लोकमाता के इस कार्य के उपरांत आदिवासी समुदाय द्वारा उत्सव मना कर उनका आभार जताने का उल्लेख विशेष रूप से किया जाएगा। रिखी ने बताया कि इस झांकी में उनके साथ कलाकारों का समूह आदिवासी लोकनृत्य करते हुए आगे बढ़ेगा। रिखी क्षत्रिय के साथ जाने वाले कलाकारों में प्रदीप कुमार, संजीव कुमार बैस, पारस रजक, सुनील कुमार, भीमेश सतनामी, वेदप्रकाश देवांगन और प्रमोद शामिल हैं।

प्रमुख देवी मंदिरों में सोमवार को विधि-विधान से नवरात्रि का गुप्त विधान

# गुप्त नवरात्रि का भक्तिमय शुभारंभ, उपासकों ने शुरू की साधना, दर्शन करने के लिए पहुंचे भक्त

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गुप्त नवरात्रि को भले ही उपासकों की साधना सिद्धि से जुड़ी महत्ता का हिस्सा माना जाता है। इस पूजा में आमतौर पर श्रद्धालु शामिल नहीं होते, लेकिन गुप्त नवरात्रि में सामान्य दिनों की अपेक्षा दर्शनार्थियों की आवाजाही ज्यादा रहती है। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में सोमवार को सुबह से विधि-विधान से नवरात्रि का गुप्त विधान किया गया। पूजा में तंत्र-मंत्र की साधना से जुड़े लोग शामिल होते हैं। इसे गुप्त सिद्धियों के लिए उपासकों द्वारा किया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि नौ दिनों में मां दुर्गा और उनकी महाविद्याओं की सच्चे मन से साधना करने पर जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। श्री महामाया देवी मंदिर न्यास की पहल पर गुप्त नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। इससे साधकों को जहां सिद्धि के लिए शुभ अवसर मिल रहा, वहीं श्रद्धालुओं को रंगीन लाइटों से उत्सव का माहौल भी मिल रहा है।




### नौ दिन किया जाएगा सिद्धि के लिए विधान

सिद्धपीठ शीतला मंदिर, कंकाली मंदिर, मां काली मंदिर में गुप्त नवरात्रि का नियम नौ दिन किया जाएगा। मंदिर में गुप्त नवरात्रि का विधान उपासकों द्वारा किया गया। सिद्धि प्राप्त के लिए उपासकों ने गुप्त नवरात्रि के पहले दिन से साधना शुरू की। इस साधना से भक्त समाज की भागीदारी नहीं होती है। पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में की जाने वाली उपासना को साधना के लिए श्रेष्ठ माना गया है। महाराज ने बताया कि कई ऐसे भी लोग हैं, जो मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष उपासना और साधना भी करते हैं।

### सुमेरू मठ में भी उपासकों ने की साधना

प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री सुमेरू मठ में पारंपरिक तरीके से उपासकों ने साधना शुरू की। जहां विधिवत साधना करवाने की प्रक्रिया संतों के द्वारा भी की गई। जहां सामान्य दिनों की अपेक्षा उपासकों की आवाजाही भी ज्यादा रही। सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में अखंड ज्योत ही साधना और विधि-विधान से पूजा के लिए उपयोग किया जाता है। गुप्त नवरात्रि में भक्तों की भीड़ नवरात्रि की तरह नहीं होती है, लेकिन, समय और व्यवस्था के अनुरूप आसपास की महिलाएं भजन-कीर्तन की परंपरा निभाती हैं।

### नवरात्रि के लिए आज मिला शुभ मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त में सोमवार को सुबह 5 बजकर 11 मिनट से 6 बजकर 5 मिनट तक विजय मुहूर्त मिला। दोपहर 2 बजकर 6 मिनट से 2 बजकर 49 मिनट मिनट तक निशीथ काल का लाभ मिलने के साथ ही गोधूलि बेला में 5 बजकर 38 मिनट से 6 बजकर 05 मिनट तक लोगों को साधना और सिद्धि के लिए शुभ मुहूर्त मिला। इसका मनोकामना सिद्धि के लिए उपासकों ने भी समुचित उपयोग किया। पं. भोला तिवारी ने बताया कि मनोकामना सिद्धि के लिए उपासना करने वाले साधक गुप्त नवरात्रि के शुभ मुहूर्त का उपयोग करते हैं।

ज्योतिष

## आज शनि देव करेंगे नक्षत्र परिवर्तन, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

वैदिक पंचांग के अनुसार आज 20 जनवरी को न्यायाधीश शनि देव उत्तराभाद्रपद में प्रवेश करने वाले हैं आपको बता दें कि इस नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनि देव ही हैं। ऐसे में शनि देव के नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि** : शनि देव आपकी राशि से धन और वाणी स्थान पर संचरण कर रहे हैं। आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को विस्तार और लाभ के अवसर मिल सकते हैं। खर्चों में कमी आएगी। पारिवारिक जीवन शानदार रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति इस समय अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि** : शनि देव आपकी राशि से कर्म भाव पर संचरण कर रहे हैं। आपको काम-कारोबार में तरक्की मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है।व्यापार से जुड़े लोगों को विस्तार और लाभ के अवसर मिल सकते हैं। व्यापारी कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं।

**कर्क राशि** : शनि देव आपकी राशि से भाग्य स्थान पर संचरण कर रहे हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कारोबारी सिलसिले में यात्रा के योग बनते दिख रहे हैं। वहीं अगले चार महीनों में आपको धार्मिक, आध्यात्मिक या मांगलिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस समय छात्रों को किसी परीक्षा में सफलता मिल सकती है।

## मंगल ने बनाया अद्भुत राजयोग, इन राशियों के शुभ दिन शुरू

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर गए हैं। जहां पर सूर्य और शुक्र विराजमान है। ऐसे में त्रिग्रही योग के साथ-साथ सूर्य के साथ युति करके मंगल आदित्य राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। इस राजयोग का निर्माण होने से कुछ राशि के जातकों के ऊपर मंगल के साथ सूर्यदेव की भी विशेष कृपा हो सकती है।

**मिथुन राशि** : मंगल मकर राशि में प्रवेश करके आठवें भाव में रहने वाले हैं। आमतौर पर किसी शुभ ग्रह का आठवें भाव में आना नकारात्मक प्रभाव अधिक देता है लेकिन सूर्य के साथ युति होने के कारण इस राशि के जातकों की कई इच्छाएं पूरी हो सकती है। जीवन में खुशियों की दस्तक हो सकती है। आप अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहने वाली है। आप बचत करने में भी सफल हो सकते हैं।

**सिंह राशि** : इस राशि के जातकों को नौकरी-बिजनेस में अपार सफलता हासिल हो सकती है। इस राशि में मंगल आदित्य राजयोग का निर्माण छठे भाव में होने वाला है। ऐसे में इस राशि के जातक अपने परिवार के साथ अच्छा वक्त बिता पाएंगे और उनकी प्रगति पर पूरा ध्यान केंद्रित होगा। नई संपत्ति खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। आकस्मिक धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**तुला राशि** : इस राशि के गोचर कुंडली के चौथे भाव में मंगल और सूर्य की युति होने वाली है। ऐसे में इस राशि के जातकों को कई मायनों में खास हो सकता है। बेकार के खर्चों से निजात मिल सकती है। व्यापार में आपके द्वारा बनाई गई रणनीति कामयाब हो सकती है। नया बिजनेस आरंभ करने के लिए ये अवधि लाभकारी हो सकती है। आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहने वाली है।

## 84 साल बाद इन राशियों की पलट सकती है किस्मत

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश कर गए हैं। इस राशि में 6 फरवरी तक रहने वाले हैं। ऐसे में शुक्र सूर्य, मंगल, बुध के साथ युति करते शुक्रादित्य, लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा। वहीं शुक्र शनि की राशि मकर में रहकर वृषभ राशि में विराजमान अरुण के साथ संयोग करके नवपंचम राजयोग का निर्माण करने वाले हैं।

**वृषभ राशि** : इस राशि के जातकों के लिए गुरु-अरुण का नवपंचम राजयोग कई मामलों में खास हो सकता है। आपके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अब अच्छी खासी सफलता हासिल हो सकती है। विदेश यात्रा के भी योग बन रहे हैं। किस्मत का साथ हर एक क्षेत्र में मिलेगा। करियर के क्षेत्र में भी लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। व

**कर्क राशि** : इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। इस राशि के सातवें भाव में शुक्र और बारहवें भाव में अरुण विराजमान है। ऐसे में इस राशि के जातकों की भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है। आकस्मिक धन लाभ के भी योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। आय में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है।

**मकर राशि** : इस राशि के लग्न भाव में शुक्र और पंचम भाव में अरुण विराजमान है। ऐसे में इस राशि के जातकों के लंबे समय से रुके काम पूरे होने के साथ-साथ धन-धान्य की तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। अध्यात्म की ओर झुकाव हो सकता है। धार्मिक यात्राएं करने के योग बन कर रहे हैं। व्यापार की दृष्टि से भी ये अवधि काफी लाभकारी हो सकती है।

यह एक पौष्टिक नाश्ता है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पसंद करते हैं

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है मूंगफली की चिक्की, जानिए इसके बेहतरीन फायदे

मूंगफली की चिक्की एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि इसमें कई सेहत के लिए फायदेमंद गुण भी होते हैं। यह एक पौष्टिक नाश्ता है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पसंद करते हैं। मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स की भरपूर मात्रा होती है, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए जानते हैं कि मूंगफली की चिक्की खाने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।



### प्रोटीन का अच्छा स्रोत है मूंगफली की चिक्की

मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। प्रोटीन मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर की मरम्मत करने में मदद करती है। इसके अलावा यह हमें ऊर्जा भी देती है। खासकर बच्चों और व्यायाम करने वालों के लिए यह एक बेहतरीन नाश्ता है, जो उन्हें पर्याप्त प्रोटीन प्रदान करता है और उनकी ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है।

### दिल की सेहत के लिए फायदेमंद

मूंगफली की चिक्की में मौजूद अच्छे फैट दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये फैट रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित रखते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है और रक्त संचार बेहतर होता है।

### वजन नियंत्रित करने में मददगार

मूंगफली की चिक्की फाइबर से भरपूर होती है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराती है। इससे अनावश्यक नाश्ता करने की इच्छा कम होती है और वजन नियंत्रित रहता है। इसके अलावा फाइबर पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इस प्रकार मूंगफली की चिक्की न केवल स्वादिष्ट होती है बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है।

### हड्डियों को मजबूत बनाने में है सहायक

मूंगफली की चिक्की में ऐसे खनिज पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। ये खनिज हड्डियों की संरचना को मजबूत करते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हड्डियों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से हड्डियों को मजबूती मिलती है और उनका स्वास्थ्य बेहतर होता है।



## छोटे बच्चों के लिए क्रेयॉन आर्ट के बेहतरीन आइडियाज

क्रेयॉन आर्ट छोटे बच्चों के लिए एक मजेदार और रचनात्मक गतिविधि हो सकती है। यह न केवल उनकी कल्पना शक्ति को बढ़ाती है, बल्कि उनके हाथों के कौशल को भी सुधारती है। इस लेख में हम कुछ आसान और आकर्षक क्रेयॉन आर्ट के विचार साझा करेंगे, जिन्हें बच्चे आसानी से बना सकते हैं। इन गतिविधियों से बच्चे न केवल खुश होंगे बल्कि नए-नए डिजाइनों के बारे में जानेंगे और सीखेंगे।

**रंग-बिरंगे फूल बनाएं** : फूलों का आकार बच्चों को बहुत पसंद आता है। आप उन्हें अलग-अलग रंगों के क्रेयॉन्स दें और एक बड़े कागज पर विभिन्न आकार और प्रकार के फूल बनवाएं। बच्चे अपनी पसंदीदा रंगों से फूलों को सजाएंगे और अपनी कल्पना शक्ति का उपयोग करेंगे। इसके बाद आप उन फूलों को अपने घर की दीवार पर चिपका सकते हैं या फ्रेम कर सकते हैं। इससे उनके कमरे में एक नई रौनक आएगी और वे अपने बनाए हुए फूलों पर गर्व महसूस करेंगे।

**जानवरों के चित्र बनाएं** : जानवरों के चित्र बनाना भी बच्चों को बहुत पसंद आता है। आप उन्हें अलग-अलग जानवरों के चित्र बनाने के लिए प्रेरित कर सकते जैसे कि कुत्ता, बिल्ली, हाथी आदि। बच्चे अपनी पसंदीदा जानवरों को रंग-बिरंगे क्रेयॉन्स से बनाएंगे जिससे उनकी रचनात्मकता बढ़ेगी। इसके अलावा आप उन्हें जानवरों के बारे में भी सिखा सकते हैं जैसे कि उनका नाम, रहने की जगह और खाना क्या होता है। इससे बच्चों को जानवरों की जानकारी भी मिलेगी और वे और अधिक उत्साहित होंगे।

**प्राकृतिक दृश्य बनाएं** : प्राकृतिक दृश्य जैसे पहाड़, नदियां, पेड़-पौधे आदि बनाना बच्चों को बहुत पसंद आता है। आप उन्हें नीले आसमान, हरे घास, भूरे पहाड़ और नीली नदियों के साथ-साथ पीले सूरज भी बना सकते हैं। इससे बच्चे प्रकृति के करीब आएंगे और उसे बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। इसके अलावा आप उन्हें अलग-अलग मौसम के बारे में भी सिखा सकते हैं जैसे कि बारिश, धूप, बादल आदि। इससे बच्चों को मौसम की जानकारी मिलेगी और वे और अधिक उत्साहित होंगे।

## 69वीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिताः पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों का रहा दबदबा, छत्तीसगढ़ की बेटियों ने जीते दो रजत पदक



**रायपुर।** राजधानी के जेएन पांडेय स्कूल सभागार में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली गतका प्रतियोगिता (17 वर्ष बालक-बालिका) का रविवार को गरिमामय समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी थे, जबकि अध्यक्षता अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने की। अपने संबोधन में विधायक श्री सोनी ने कहा कि खेलों से स्वस्थ तन और मन का निर्माण होता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए चल रही शासकीय योजनाओं और खेल के माध्यम से मिलने वाले करियर व स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से चर्चा की। विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत सिंह (मुख्य आयुक्त, स्काउट एवं गाइड) और अमरजीत सिंह छाबड़ा ने 'गतका' के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसे गति और आत्मरक्षा की सर्वोच्च कला बताया। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन और चिकित्सा व्यवस्था में सहयोग देने वाली सभी टीमों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सहायक जिला खेल अधिकारी छाया प्रकाश राव ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुरली शर्मा, जी. स्वामी, शिरीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

**परिणामों में पंजाब और दिल्ली आगे, छत्तीसगढ़ को सिल्वर** : प्रतियोगिता के परिणामों में पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं मेजबान छत्तीसगढ़ की बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**बालिका वर्गः** 'सिंगल सोटी टीम इवेंट' में पंजाब ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ की टीम (नीतू साहू, हर्षिता पटेल, दिव्या कुमारी, रोशनी यदु) ने शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान (रजत पदक) प्राप्त किया। दिल्ली तीसरे स्थान पर रही। व्यक्तिगत मुकाबलों में पंजाब की तमन्ना (सिंगल सोटी) और स्नेहा (फरी सोटी) विजेता बनीं। छत्तीसगढ़ की नीतू साहू ने व्यक्तिगत सिंगल सोटी में भी दूसरा स्थान प्राप्त कर राज्य का मान बढ़ाया।

**बालक वर्गः** 'सिंगल सोटी टीम इवेंट' में दिल्ली (अगमजोत, मनमीत, देवांश) विजेता रही, जम्मू-कश्मीर दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत फरी सोटी में पंजाब के बलराज सिंह और सिंगल सोटी में दिल्ली के देवांश सिंह ने स्वर्ण जीता।

## पहले ही दिन बरसे 13 गोल, एमर्स एफसी और रामा एफसी ने दर्ज की बड़ी जीत



**रायपुर।** ब्रह्मविद स्पोर्ट्स सेंटर द्वारा आयोजित जूनियर प्रो लीग (U-15)' का रविवार को ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल में शानदार आगाज हुआ। लीग के पहले ही दिन युवा जोश और गोलों की बारिश देखने को मिली। खेले गए चार मुकाबलों में कुल 13 गोल दागे गए, जिससे टूर्नामेंट का रोमांच पहले ही दिन चरम पर पहुंच गया। दिन का सबसे बड़ा स्कोर एमर्स एफसी (Amers FC) के नाम रहा। टीम ने एलीट एफसी ब्लू को 5-0 से रौंद दिया। मैच के 5वें मिनट में इधान्त ने पहला गोल किया, जिसके बाद टीम ने लगातार चार और गोल दागकर मैच एकतरफा कर दिया। वहीं, तीसरे मुकाबले में रामा एफसी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए ब्रह्मविद रेड को 4-0 से हराया। टीम की ओर से गगन, पुलकित, अभिनव और उमंग ने 1-1 गोल किए।उद्घाटन मुकाबले में ब्रह्मविद ब्लू ने एलीट रेड को 3-0 से शिकस्त दी। इस मैच के हीरो दक्ष बदलानी रहे, जिन्होंने 35वें और 37वें मिनट में लगातार दो गोल कर सबको चौंका दिया। इससे पहले युवराज ने 31वें मिनट में गोल किया था।

**रायपुर यूनाइटेड को मिली संघर्षपूर्ण जीत** : दिन का सबसे कड़ा मुकाबला रायपुर यूनाइटेड एफसी और रियल रायपुर एफसी के बीच हुआ। दोनों टीमों की कड़ी टक्कर के बीच वाई. मुसानी का एकमात्र गोल निर्णायक साबित हुआ और रायपुर यूनाइटेड ने 1-0 से जीत हासिल की। लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन के प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले मैचों में प्रतिस्पर्धा और भी कड़ी होने वाली है।

## रविराज, समाया और कवीश बने चैंपियन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का भी हुआ सम्मान




**रायपुर।** टेबल टेनिस संघ द्वारा सप्रे शाला में आयोजित 'स्व. श्री ज्ञानचंद लुनिया स्मृति चतुर्थ रायपुर जिला त्रैमासिक लीग प्रतियोगिता-2025' का रविवार को समापन हुआ। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 का सत्र भी पूरा हो गया। प्रतियोगिता में एम. रविराज (सीनियर पुरुष), समाया पांडे (सीनियर महिला एवं अंडर-15 बालिका) और कवीश काला (अंडर-15 बालक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किए। अंडर-15 बालक वर्ग में कवीश काला, आर्यन सिंह और श्रेष्ठ मिश्रा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ और अंततः टाई-ब्रेक के बाद कवीश विजेता घोषित हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजेश लुनिया और कार्यक्रम अध्यक्ष गिरिराज बागड़ी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वड़ोदरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले राजीव साहू और समाया पांडे को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सालभर की चारों त्रैमासिक लीग (अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर, जनवरी) के कुल अंकों के आधार पर शीर्ष खिलाड़ियों को रनिंग ट्रॉफी भी स्थायी रूप से सौंपी गई। आयोजन सचिव प्रवीण निरापुरे और मुख्य निर्णायक प्रणय नंद मजूमदार ने बताया कि इस मौके पर अजीत बेनर्जी, विनय बैसवाड़े सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व अभिभावक उपस्थित थे।




# बसंत पंचमी पर मां सरस्वती को लगाएं पीले पकवानों का भोग, हो जाएंगी प्रसन्न

### पीले चावल

बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती को पीले चावल जरूर चढ़ाए जाते हैं, जिन्हें केसर भात भी कहते हैं। यह एक मीठा व्यंजन है, जिसमें ढेर सारे मेवे शामिल किए जाते हैं। इसके लिए सबसे पहले चावल धो कर भिगो लें। अब कुकर में पानी, चीनी, इलायची, केसर और चावल डालकर पकने दें। अब एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें मेवे भून लें। इन्हें पके हुए चावल में मिलाएं और मां सरस्वती को भोग लगाएं।

### कढ़ी

मां सरस्वती को कढ़ी भी पसंद आती है, जो दही से बनने वाली एक पारंपरिक सब्जी है। इसके लिए पहले दही में बेसन, नमक और हल्दी मिलाकर घोल बना लें। इसी दौरान बेसन की पकौड़ियां भी बना लें, जो कढ़ी में शामिल की जाएंगी। कढ़ी को धीमी आंच पर पकने दें और उसमें पकौड़ियां भी डाल दें। स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें लाल मिर्च, करी पत्ता, राई, हींग और जीरा का तड़का लगा लें।



### बेसन के लड्डू

हर पूजा की तरह सरस्वती पूजा के दिन भी लड्डू जरूर बनते हैं। आप इस दिन घर पर ही बेसन के लड्डू बना सकते हैं, जो ताजे होंगे। इसे तैयार करने के लिए बेसन को घी में हल्का सुनहरा होने तक भून लें। इसमें चीनी और इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण को एक प्लेट में निकालकर हाथों से गोल लड्डू बना लें। इसके बाद सारे लड्डू पर पिस्ता और बादाम लगाएं।

### राज भोग

राज भोग बनाने के लिए एक बर्तन में दूध गर्म करें और उसमें नींबू का रस डाल दें। जब दूध फट जाए तो छेने को मलमल के कपड़े में रखकर निचोड़ लें। इसके बाद इसे एक थाली में निकालें और केसर डालकर हाथों की मदद से गूंधें। जब यह मुलायम हो जाए तो इसके गोल-गोल लड्डू बनाएं और उनके बीच में पिस्ता भरें। एक पैन में पानी, चीनी और केसर को मिलाएं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

उज्जवल इंटरप्राइजेस प्लाईवुड एंड इंटीरियर
मॉड्यूलर किचन
डोर एवं चौखट
asianpaints
हार्डवेयर टिम्बर
पताः स्टार नर्सरी के सामने, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 7415799000

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 10 साल पहले प्रियंका को अमेरिका में करना पड़ा था बहुत संघर्ष



प्रियंका चोपड़ा आज एक ग्लोबल स्टार हैं। वह देश की पहली ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्हें हॉलीवुड में इस कदर ख्याति मिली है। लेकिन, 10 साल पहले जब उन्होंने हॉलीवुड की राह चुनी थी, तब उन्हें अमेरिका में बहुत संघर्ष करना पड़ा था। यह खुलासा उनकी मैनेजर अंजुला आचार्य ने एक इंटरव्यू में किया है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार हैं। बीते 10 साल में उन्होंने हॉलीवुड में अपनी एक जुदा और दमदार पहचान बनाई है। गोग्डन ग्लोब अवॉर्ड के मंच से लेकिन ऑस्कर अवॉर्ड के रेड कारपेट तक, प्रियंका चोपड़ा ने हिंदुस्तान को बड़ी पहचान दिलाई है। लेकिन, क्या उनका यह सफर इतना आसान था? साल 2015 में, जब प्रियंका ने हिंदी फिल्मों से दूर 'क्वांटिको' से हॉलीवुड की राह पकड़ी तो कई लोगों ने इसकी आलोचना की। तब उन्होंने एबीसी स्टूडियोज के साथ एक टैलेंट-होल्डिंग डील साइन की थी। थ्रिलर सीरीज 'क्वांटिको' में एलेक्स पैरिश के किरदार ने उन्हें पॉपुलैरिटी दी और वह देखते ही देखते हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फ्रेंचाइज 'द मैट्रिक्स 4' और 'सिटाडेल' तक का सफर तय किया। आगे वह 'द ब्लफ' में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस की मैनेजर अंजुला आचार्य खुलासा करती हैं कि यह हमेशा से ऐसा नहीं था। बल्कि शुरुआत में तो प्रियंका के हॉलीवुड वाले फैसले को लोगों ने 'पागलपन' कहा था।

### टॉलीवुड

## मुरुगादॉस ने अलग कहानी सुनाई फिल्म कुछ और बनी : रश्मिका



'सिकंदर' फिल्म पिछले साल रिलीज हुई थी। इसमें सलमान खान और रश्मिका मंदाना लीड रोल में थे, लेकिन, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखा नहीं पाई थी। अब रश्मिका का कहना है कि उन्हें जो कहानी सुनाई गई थी और जो फिल्म बनी, दोनों काफी अलग थी। पिछले साल सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज हुई थी। इसमें साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी थीं। साउथ के डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस ने फिल्म का निर्देशन किया था। करीब 200 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका नहीं कर पाई थी। कुछ समय बाद एआर मुरुगदास ने इसको लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी थी। सलमान के सेट पर लेट आने की बात भी कही थी, जिसके बाद सुपरस्टार ने भी पलटवार किया था। अब रश्मिका ने भी फिल्म को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। रश्मिका मंदाना ने 'सिकंदर' फिल्म को लेकर कहा कि वो स्क्रिप्ट में जैसी थी, वैसी बन नहीं पाई। उन्होंने कहा, 'सिकंदर, मुझे मुरुगादॉस सर से हुई बातचीत याद है। बेशक बाद में जो हुआ वो बहुतअलग था... लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो वो वाकई काफी अलग स्क्रिप्ट थी।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'आमतौर पर फिल्मों में ऐसा ही होता है। जब आप कुछ सुनते हैं तो वो एक कहानी होती है जिसे आपने सुना होता है, लेकिन फिल्म बनने के दौरान, कलाकारों की एक्टिंग, एडिटिंग और रिलीज के समय के अनुसार चीजें बदलती रहती हैं। ये बहुत आम बात है। सिकंदर के साथ भी ऐसा ही हुआ।' रश्मिका के पुराने क्लिप ने एक बार फिर से 'सिकंदर' को लेकर हुई बहस छेड़ दी है। लोग कॉमेंट्स कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## मनोज तिवारी ने एआर रहमान के बयान को बताया समझ से परे



भोजपुरी एक्टर-सिंगर और बीजेपी सांसद मनोज तिवारी भी एआर रहमान के बयान से सहमत नहीं हैं। उन्होंने अपनी राय देते हुए कहा कि वो उनके कम्युनल वाले बयान से हैरान हैं। उन्होंने ऐसा क्यों कहा, ये भी समझ से परे है। ऑस्कर विनर म्यूजिशियन एआर रहमान हिंदी सिनेमा को 'सांप्रदायिक' कहकर लोगों के निशाने पर हैं। हालांकि, विवाद बढ़ता देख एआर रहमान ने अपने बयान पर सफाई दी। उनका कहना है कि भारत सिर्फ उनका घर नहीं, बल्कि प्रेरणा है और उनका इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। अब मामले पर बीजेपी सांसद और भोजपुरी सिंगर मनोज तिवारी ने अपनी राय दी है। उनका कहना है कि वह एआर रहमान के बयान से सहमत नहीं हैं। मनोज तिवारी ने मीडिया से कहा, 'मैं बहुत हैरान हूं क्योंकि मैं भी उनका फैन हूं। एआर रहमान साहब ने बहुत अच्छे-अच्छे म्यूजिक दिए हैं। लेकिन, ये समय-समय की बात होती है। कभी सबकुछ चल जाता है तो कभी सब कुछ बहुत धीमा हो जाता है। अब उन्होंने ऐसा बयान क्यों दिया, ये मेरी समझ के बाहर है। सभी को अपनी फिल्म हिट चाहिए, सभी के अपने गाने हिट चाहिए, लेकिन मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं।' एआर रहमान के बयान पर राजनीतिक दलों से लेकर हिंदी सिनेमा के बड़े सिंगर्स तक ने अपनी राय रखी। कुछ लोगों ने सिंगर को सपोर्ट किया, लेकिन ज्यादातर लोगों को उनका बयान नकारात्मक लगा। सिंगर शान ने म्यूजिशियन के बयान पर कहा था कि काम मिलना या न मिलना किसी के हाथ में नहीं है। शान ने कहा था, 'हिंदी सिनेमा और संगीत इंडस्ट्री में सांप्रदायिक पहलू नहीं है, और मुझे भी कभी काफी समय तक काम नहीं मिला था, लेकिन मैंने कभी इस चीज को पर्सनली नहीं लिया।' दूसरी तरफ, एआर रहमान ने सफाई देते हुए वीडियो भी जारी किया है। उन्होंने वीडियो में कहा, 'मेरे लिए संगीत हमेशा लोगों और संस्कृति से जुड़ने का तरीका रहा है और मेरे मन में देश और संगीत के लिए बहुत सम्मान और प्यार है। मुझे खुद के भारतीय होने पर गर्व महसूस होता है।

## लाइफ स्टाइल

### ट्रेडिशनल लुक में नजर आया क्यूट कपल





आलिया और रणबीर ने दोस्त की शादी में शिरकती की। इस दौरान आलिया व्हाइट कढ़ाईदार सीक्वेंस व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं। आलिया ने इस शाइनिंग साड़ी को डीप नेक ब्लाउज के साथ कैरी किया। आलिया ने अपने इस देसी लुक को गले में चोक नेकलेस पहनकर पूरा किया। वहीं, रणबीर ने काला कुर्ता-पायजामा पहना था, जिसके ऊपर कढ़ाई वाली नेहरू जैकेट थी। आलिया ने इस लेटेस्ट लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की हैं।

## कामकाजी महिलाओं के लिए जरूरी हैं फैशन एसेसरीज रखना, हर लुक लगेगा स्टाइलिश

आजकल की कामकाजी महिलाओं के पास समय की कमी होती है। ऐसे में उन्हें अपने रोजाना के कपड़े और एसेसरीज को सही तरीके से चुनना जरूरी है ताकि वे ऑफिस के माहौल में आत्मविश्वास से भरी रहें। इस लेख में हम कुछ ऐसे फैशन एसेसरीज की बात करेंगे, जो न केवल आपके लुक को खास बनाएंगी बल्कि आपको आरामदायक भी रखेंगी। सही एसेसरीज का चुनाव आपके पेशेवर जीवन को और भी आसान बना सकता है।

**क्लासिक बैग :** एक अच्छा बैग आपके ऑफिस लुक को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यह न केवल आपके जरूरी सामानों को समेटने में मदद करता है बल्कि आपके स्टाइल को भी निखारता है। लेदर का या प्लेन रंग का बैग सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि यह टिकाऊ होता है और किसी भी कपड़े के साथ मेल खाता है। इसके अलावा आप इसमें अपने लैपटॉप और अन्य



जरूरी सामान भी आसानी से रख सकती हैं।

**स्टाइलिश घड़ी :** समय पर काम पूरा करने के लिए घड़ी जरूरी होती है और यह आपके लुक को भी खास बनाती है। एक अच्छी घड़ी न केवल आपको समय बताती है बल्कि आपके व्यक्तित्व को भी दर्शाती है। आप प्लेन रंगों की घड़ी चुन सकती हैं, जो किसी भी कपड़े के साथ अच्छी लगे। इसके अलावा आप इसमें कुछ खास डिजाइन जैसे कि चमकदार स्टोन भी चुन सकती हैं, जो इसे और भी आकर्षक बनाएगा।

### आरामदायक जूते

ऑफिस में पूरे दिन चलना-फिरना पड़ता है, इसलिए आरामदायक जूते बेहद जरूरी होते हैं। फ्लैट्स या कम हील वाले जूते आपके पैरों को आराम देते हुए स्टाइलिश दिखते हैं। आप सूती या लेदर के फ्लैट्स चुन सकती हैं, जो किसी भी कपड़े के साथ अच्छे लगते हैं। इसके अलावा आप वेजेस भी चुन सकती हैं, जो थोड़ा ऊंचा होता है लेकिन चलने में कोई दिक्कत नहीं होती। इससे आप पूरे दिन आरामदायक महसूस करेंगी।

### प्रिंटेड स्कार्फ

स्कार्फ न केवल ठंड से बचाता है बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। आप किसी भी रंग या डिजाइन का स्कार्फ चुन सकती हैं, जो आपके कपड़ों के साथ मेल खाता हो। इसे अपने गले या सिर पर बांधकर इस्तेमाल करें, यह देखने में बहुत सुंदर लगेगा। इस तरह इन फैशन एसेसरीज की मदद से आप अपने रोजाना के कपड़ों को और भी खास बना सकती हैं।

## बसंत पंचमी के दिन पूजा के समय आप पहनें पीले रंग के पारंपरिक परिधान

फैशन



बसंत पंचमी का पर्व हिंदु धर्म में विशेष महत्व रखता है, जो इस साल 23 जनवरी को मनाया जाएगा। मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन ज्ञान और संगीत की देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था। इस त्योहार पर पीला रंग शुभ माना जाता है। अगर आप इस दिन पीले परिधान पहनेंगी तो मां सरस्वती प्रसन्न होंगी, क्योंकि यह उनका पसंदीदा रंग है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको बसंत पंचमी के दिन पहनने लायक पीले परिधानों के सुझाव देंगे।

**पीली कुर्ती और धोती पैंट:** सरस्वती पूजा के समय पहनने के लिए पीली कुर्ती और धोती पैंट आदर्श आउटफिट हो सकता है। धोती पैंट पारंपरिक भारतीय धोती का एक मॉडर्न रूप है, जो पुरानी सांस्कृतिक जड़ों को आज के फैशन के साथ जोड़ती है। इसके साथ कुर्ती का मेल बेहद शानदार रहेगा और आपको खूबसूरत लुक देगा। इस लुक के साथ बड़े झुमके पहनें और पैरों में पायल भी सजा लें।

**पीला को-ऑर्ड सेट और जैकेट :** इन दिनों को-ऑर्ड सेट बहुत प्रचिलित हो रहे हैं, जो बसंत पंचमी के मौके पर भी अच्छे लगेंगे। इस दिन आपको पीले रंग का को-ऑर्ड सेट ही चुनना चाहिए। आप प्लाजो पैंट और क्रॉप टॉप या फिर अंगरखा कुर्ती और पैंट वाला को-ऑर्ड सेट पहन सकती हैं। अगर आउटफिट में थोड़ी कढ़ाई भी हो तो आप और भी सुंदर लगेंगी।

**पीला और सफेद पटियाला सूट :** पटियाला सूट कभी फैशन से बाहर नहीं होता। ऐसे में यह बसंत पंचमी के लिए बढ़िया आउटफिट हो सकता है। आप पीले और सफेद रंग वाला पटियाला सूट पहन सकती हैं, जो जीवंत लगेगा। इसके ऊपर दोनों रंग वाला शिफॉन का दुपट्टा ओढ़ें, जो लुक में चार चांद लगा देगा। इस तरह के सूट के साथ जूती पहनें, जिससे आपको पंजाबी लुक मिल जाएगा। साथ में चांद बालियां, चूड़ियां और पतली चेन पहन लें।

**पीली कॉर्सेट कुर्ती और स्कर्ट:** पिछले कुछ महीनों में कॉर्सेट कुर्तियों की लोकप्रियता बहुत बढ़ गई है। यह शार्ट कुर्ती होती हैं, जिन्हें पीछे से बांधकर टाइट किया जा सकता है। इस कुर्ती के साथ आपको स्कर्ट पहननी चाहिए, जिससे लहंगे जैसा आउटफिट बन जाएगा। आप पीली कुर्ती पर सफेद स्कर्ट या सफेद कुर्ती पर पीली स्कर्ट का मेल बैठा सकती हैं। यह आउटफिट स्टाइलिश होने के साथ-साथ बेहद आरामदायक भी होगा। लुक को पूरा करने के लिए बड़ी बालियां पहनें।

**पीली साड़ी :** अगर आप सादगी भरा और खूबसूरत लुक चाह रही हैं तो साड़ी से अच्छा और कुछ नहीं हो सकता। यह परिधान सरस्वती पूजा के लिए सबसे आदर्श रहेगा। आप शिफॉन, चिकनकारी, कॉटन या सिल्क आदि में से अपनी पसंद की साड़ी पहन सकती हैं। हालांकि, साड़ी का रंग पीला ही चुनें, जो इस पर्व के सार को व्यक्त करेगा।

## ऑफिस के लिए कपड़े खरीदते समय रखें कुछ बातों का खास ध्यान

आजकल ऑफिस के कपड़े खरीदना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है, खासकर जब बजट सीमित हो। सही कपड़े चुनने के लिए सिर्फ फैशन ही नहीं, बल्कि सुविधा और पेशेवर दिखने का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपने बजट में रहते हुए ऑफिस के लिए सही कपड़े चुन सकते हैं और पेशेवर दिख सकते हैं।

**सही कपड़े चुनें :** ऑफिस के कपड़े चुनते समय सबसे पहले कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें। अच्छी गुणवत्ता वाले कपड़े लंबे समय तक चलते हैं और आपको आरामदायक महसूस करवाते हैं। सूती, लिनेन और ऊन जैसे प्राकृतिक कपड़े हमेशा अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये आपकी त्वचा को हवा लगने देते हैं और आरामदायक होते हैं। इसके अलावा ये कपड़े धोने पर भी अपना आकार और रंग बनाए रखते हैं, जिससे आपका लुक हमेशा पेशेवर और साफ-सुथरा दिखता है।



### रंगों का चयन करें

रंगों का चयन करते समय ऐसे रंगों का चुनाव करें, जो पेशेवर दिखें और हर मौसम में चलन में रहें। काले, स्लेटी, गहरे नीले या बेज जैसे रंग हमेशा सुरक्षित विकल्प होते हैं क्योंकि ये किसी भी अवसर पर अच्छे लगते हैं और आसानी से अन्य चीजों के साथ मेल खाते हैं। इसके अलावा इन रंगों के कपड़े पहनकर आप आत्मविश्वास से भरे दिखते हैं और आपके लुक में एक खास निखार आता है।

### फिटिंग पर दें ध्यान

फिटिंग बहुत अहम है क्योंकि चाहे कपड़ा कितना भी महंगा क्यों न हो, अगर उसकी फिटिंग सही नहीं होगी तो वह अच्छा नहीं लगेगा। इसलिए अपने आकार के अनुसार फिटिंग करवाना न भूलें। अगर कोई कपड़ा थोड़ा ढीला या टाइट लग रहा हो तो उसे सिलवा लें ताकि वह आपके शरीर पर सही से फिट हो सके।

## ब्लेजर पहनते समय लोग अक्सर कर देते हैं गलतियां, बिगड़ जाता है पूरा लुक

ब्लेजर एक ऐसा कपड़ा है, जो न केवल आपको स्टाइलिश दिखाता है, बल्कि आरामदायक भी महसूस करवाता है। हालांकि, कई बार अनजाने में कुछ गलतियां हो जाती हैं, जो आपके लुक को बिगाड़ सकती हैं।

**गलत फिटिंग का चुनाव करना :** ब्लेजर की फिटिंग बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लेजर आपके शरीर से ढीला या बहुत टाइट हो तो यह आपके लुक को खराब कर सकता है। सही फिटिंग वाला ब्लेजर आपके शरीर की बनावट को उभारता है और आपको एक पेशेवर दिखावा देता है। इसलिए हमेशा अपनी माप के अनुसार ही ब्लेजर चुनें। अगर माप ठीक नहीं होगा तो सिलाई करवा लें ताकि ब्लेजर आपके शरीर पर सही



तरीके से बैठे और आप सबसे अच्छे दिखें।

**गलत रंगों का चयन करना :** ब्लेजर का रंग चुनते समय ध्यान रखें कि वह आपकी त्वचा के रंग से मेल खाता हो। हल्के रंग जैसे सफेद या हल्के नीले रंग की ब्लेजर गर्मियों में अच्छे लगते हैं, जबकि गहरे रंग जैसे काला या गहरा नीला सर्दियों में बेहतर दिखते हैं। अगर आप ऑफिस या किसी औपचारिक कार्यक्रम के लिए ब्लेजर पहन रहे हैं तो सादा और हल्के रंगों का चयन करें। इससे आप पेशेवर दिखेंगे और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**सही लंबाई न चुनना :** ब्लेजर की लंबाई भी बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लेजर बहुत लंबा या बहुत छोटा हो तो वह अच्छा नहीं दिखता। आदर्श रूप से, ब्लेजर आपकी कमर तक पहुंचना चाहिए ताकि आपकी शर्ट की लंबाई सही दिखे और संतुलन बना रहे। अगर आपकी ऊंचाई कम है तो थोड़ा छोटा ब्लेजर चुनें ताकि आपकी लंबाई लंबी दिखे और आप ज्यादा आकर्षक लगें। इससे आपका पूरा लुक बेहतर और पेशेवर दिखेगा।

### कार्नर न्यूज

## फॉर्मल पैंट्स को स्टाइल करना एक कला है, जिसे सीखना जरूरी

फॉर्मल पैंट्स पुरुषों के अलमारी का एक अहम हिस्सा हैं। ये न केवल पेशेवर माहौल में आपको स्मार्ट दिखाते हैं, बल्कि आरामदायक भी होते हैं। सही तरीके से फॉर्मल पैंट्स को स्टाइल करना एक कला है, जिसे सीखना जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी फॉर्मल पैंट्स को बेहतर तरीके से पहन सकते हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकते हैं।

## पुरुष फॉर्मल पैंट्स को स्टाइल करने के लिए आजमाएं आसान से टिप्स, दिखेंगे सबसे अलग



### सही फिटिंग का चुनाव करें

फॉर्मल पैंट्स की फिटिंग सबसे जरूरी होती है। ज्यादा ढीली या टाइट पैंट्स पहनने से बचें। आपकी पैंट्स न तो बहुत ढीली होनी चाहिए और न ही बहुत टाइट। सही फिटिंग वाली पैंट्स आपके लुक को निखारती हैं और आपको आत्मविश्वास देती हैं। हमेशा अपनी माप के अनुसार पैंट्स खरीदें और अगर जरूरत पड़े तो उन्हें थोड़ा सिलाई करवा लें ताकि वे आपके शरीर पर अच्छी तरह से बैठें और आपको एक पेशेवर लुक दें।

### रंगों का चयन सोच-समझकर करें

फॉर्मल पैंट्स के लिए रंगों का चयन करते समय ध्यान रखें कि कौन सा रंग आपके लिए बेहतर होगा। काले, ग्रे या गहरे नीले जैसे रंग हमेशा सुरक्षित विकल्प होते हैं क्योंकि ये हर तरह की शर्ट और जैकेट के साथ मेल खाते हैं। इसके अलावा ये रंग पेशेवर माहौल में भी अच्छे लगते हैं और आपको स्मार्ट दिखाते हैं।

### शर्ट का चुनाव सही करें

फॉर्मल पैंट्स के साथ शर्ट का चयन करना भी जरूरी है। सफेद, नीली या हल्के रंग की शर्टें फॉर्मल पैंट्स के साथ अच्छी लगती हैं। शर्ट की फिटिंग भी सही होनी चाहिए ताकि आपका लुक पूरा और आकर्षक लगे। अगर आप अलग-अलग लुक आजमाना चाहते हैं तो डिजाइन वाली शर्ट भी चुन सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि डिजाइन बहुत भारी न हो ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और पेशेवर नजर आए।

### बेल्ट और जूते चुनते समय ध्यान दें

बेल्ट और जूते आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं। हमेशा रंग की बेल्ट चुनें, जो आपकी पैंट्स से मेल खाती हो। जूतों का चयन करते समय चमड़े के जूते सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये आपको एक पेशेवर लुक देते हैं।



### एक्सेसरीज का उपयोग संतुलित रखें

फॉर्मल पैंट्स के साथ एक्सेसरीज का उपयोग करते समय संतुलन बनाए रखना जरूरी होता है। ज्यादा गहने या भारी एक्सेसरीज पहनने से बचें क्योंकि इससे आपका लुक ज्यादा बनावटी लग सकता है। एक साधारण घड़ी या एक छोटा सा पर्स ही काफी होता है आपके पूरे लुक को पूरा करने के लिए। इन सरल टिप्स की मदद से आप अपनी फॉर्मल पैंट्स को बेहतर तरीके से स्टाइल कर सकते हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकते हैं।